
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25 www.dainikvishwapariwar.com रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 336 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



परिश्रम के द्वारा मंजिल तब प्राप्त होती है, जब अपना ध्यान मजबूत होता है।

Hand work begets us the destination only when we have determined meditation.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

# मोदी ने 4399 दिन प्रधानमंत्री रहकर नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा

## 140 करोड़ देशवासियों का प्यार ही मेरी बड़ी ताकतः मोदी





**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी भारत के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनके कार्यकाल के आज 4,399 दिन पूरे हो गए।

मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार पीएम पद की शपथ ली थी। अभी उनका यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है। उन्होंने 4,398 दिनों तक इस पद पर रहे पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पीएम मोदी की उपलब्धि और एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को भारत मंडपम में एनडीए की बैठक हुई। इसमें भाजपा-एनडीए शासित 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम डिप्टी सीएम और अन्य नेता शामिल हुए। सभी ने पीएम मोदी को बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति के शुभकामना संदेश के लिए आभार जताते हुए कहा कि देश ने सालों में जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयास और आकांक्षाओं का परिणाम हैं। उन्होंने कहा- 140 करोड़ भारतीयों का स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति और प्रेरणा है।



## प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के नेतृत्व की अमेरिका में गूंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर अमेरिका के कई लॉमेकर्स, उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय मूल के प्रमुख व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान मजबूत हुई है और अमेरिका-भारत संबंध भी पहले से अधिक मजबूत बने हैं। अमेरिकी सीनेटर जॉन कॉर्निन ने बधाई देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर बधाई। 4,399 दिनों का यह नेतृत्व 1.4 अरब लोगों के विश्वास और लगातार तीन लोकतांत्रिक जनादेशों का परिणाम है।

## मोदी के नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सीएम विष्णु देव साय ने दी बधाई और शुभकामनाएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को उनके नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिख कर छत्तीसगढ़ के विकास में केंद्र सरकार द्वारा प्रदान किए गए अभूतपूर्व सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी, निर्णायक और जनकल्याणकारी नेतृत्व में संचालित योजनाओं ने छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति प्रदान की है तथा प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पीएम मोदी को शुभेंदु अधिकारी ने खिलाई झालमुड़ी



बैठक के बाद मोदी और भाजपा-एनडीए नेताओं ने झालमुड़ी खाई। बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम को अपने हाथ से झालमुड़ी परोस कर दी। अप्रैल 2026 में बंगाल चुनाव प्रचार के दौरान पीएम ने झाड़ग्राम में झालमुड़ी खाई थी। दुकान वाले से उनकी बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने रखा, जबकि नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने उसका समर्थन किया। प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को मिले स्थिर शासन, विकास, सुशासन और विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में किए गए प्रयासों का जिक्र किया गया। एनडीए बैठक से पहले पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई थी। कैबिनेट ने भी सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पीएम मोदी को बधाई दी। मंत्रियों ने उनकी उपलब्धि पर खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मानित किया। भारत में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड जवाहरलाल नेहरू के नाम है। वे 15 अगस्त 1947 से 27 मई 1964 तक, यानी करीब 16 साल 286 दिन प्रधानमंत्री रहे। आजादी के बाद जवाहरलाल नेहरू 15 अगस्त 1947 से 13 मई 1952 तक नियुक्त प्रधानमंत्री थे। 1952 के पहले आम चुनाव के बाद वे 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री रहे।

## मुख्यमंत्री योगी ने दी शुभकामनाएं



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के सफल कार्यकाल को राष्ट्रसेवा, सुशासन और जनकल्याण को समर्पित बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उनके नेतृत्व की सराहना की और उत्तर प्रदेश की ओर से शुभेच्छाएं प्रेषित कीं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पत्र साझा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं जनकल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के सफलतम कार्यकाल पर उन्हें समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि यह गौरव का अवसर है और उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के प्रेरक नेतृत्व तथा सतत मार्गदर्शन में 'विकसित भारत' के संकल्प के अनुरूप 'विकसित उत्तर प्रदेश' के निर्माण के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा।

## 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, टीकाकर्मी रहेंगे तैनात



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जिले में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 0 से 5 वर्ष आयु के सभी बच्चों को ओरल पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, पंचायत भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पूर्व वर्षों की तरह पोलियो बूथ स्थापित किए जाएं। साथ ही अभियान के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि, जिले में 1331 पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। हर बूथ पर चार टीकाकर्मी तैनात रहेंगे, जो दो टीमों में विभाजित होकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगे। जिले में कुल 3 लाख 45 हजार 373 बच्चों को खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान दिवस पर किसी कारणवश छूट जाने वाले बच्चों

## कर्नाटक की 'गृहलक्ष्मी' योजना में महा-फर्जीवाड़ा

**बेंगलुरू।** कर्नाटक कांग्रेस सरकार की सबसे चर्चित गृहलक्ष्मी योजना पर गंभीर सवाल उठे हैं. 5 महीनों में 1.48 लाख मृत महिलाओं के खातों में 128 करोड़ रुपये ट्रांसफर हो गए. सबसे बड़ी दिलचस्प बात तो यह रही कि उनके रिश्तेदार यूपीआई/एटीएम से पैसे निकाल भी रहे थे. तकनीकी खामी के सामने आते ही मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाली सरकार एक्टिव हो गई है. सीएम डीके शिवकुमार ने पुरानी सूची रोककर नए नियम, बायोमेट्रिक और नए सिरे से आवेदन लेने की तैयारी शुरू कर दी है. इस गड़बड़ी के चलते टैक्सपेयर्स के 128 करोड़ रुपये से अधिक के सार्वजनिक धन का दुरुपयोग हुआ है. कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग के शीर्ष अधिकारियों की एक आपातकालीन बैठक बुलाई. राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'गृहलक्ष्मी' योजना में बड़ी तकनीकी खामी सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है.




## आरएसएस मुख्यालय, महाराष्ट्र सीएम दफ्तर मुंबई-पुणे मेयर ऑफिस उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र और गुजरात में बुधवार को कई जगहों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन जगहों में आरएसएस मुख्यालय, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग, मुख्यमंत्री कार्यालय ,बॉम्बे हाईकोर्ट बिल्डिंग और मुंबई-पुणे के मेयर ऑफिस,अहमदाबाद नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं।

ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। दोनों राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे। इसके बाद कई इमारतें खाली कराई गईं और सुरक्षा एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों के मुताबिक कहीं कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को एक ईमेल मिला। इसमें दावा किया गया था कि महाल स्थित आरएसएस मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाया गया है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड को मौके पर भेजा गया।




## शंकराचार्य पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाले आशुतोष पलटे

**प्रयागराज।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पीछे हट गए हैं। फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर कहा, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। आशुतोष ने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस मामले में शामिल किया गया।

## ठेकेदार की लापरवाहीः महादेव घाट ओवरब्रिज परियोजना अटकी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अमलेश्वर के बीच यातायात दबाव कम करने के लिए प्रस्तावित महादेव घाट ओवरब्रिज परियोजना ठेकेदार की लापरवाही के कारण अटक गई है। वर्ष 2024 में मंजूरी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने नवंबर 2025 में 18.66 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया था। तकनीकी और वित्तीय परीक्षण के बाद विश्रामपुर की एग्रो स्टील वर्क कंपनी को दिसंबर 2025 में करीब 5 प्रतिशत दर पर कार्य आवंटित कर वर्क ऑर्डर जारी किया गया। वर्क ऑर्डर मिलने के बाद भी कंपनी ने विभाग के साथ अनुबंध नहीं किया।पीडब्ल्यूडी ने करीब चार माह तक इंतजार किया, लेकिन कंपनी के प्रतिनिधि अनुबंध प्रक्रिया पूरी करने नहीं पहुंचे। इसके बाद विभाग ने सुरक्षा जमा राशि जब्त कर अप्रैल 2026 में दोबारा टेंडर जारी किया। अधिकारियों के अनुसार नए टेंडर में चार कंपनियों ने भाग लिया है। तकनीकी जांच पूरी हो चुकी है और अब वित्तीय प्रक्रिया चल रही है। अगले 10 दिनों में नई एजेंसी का चयन कर कार्य आवंटन और अनुबंध की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।





# भिलाई के सुरक्षा प्रभागों ने जाना स्व शक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण का महामंत्र

**भिलाई (विश्व परिवार)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाऊंडेशन के सुरक्षा प्रभाग द्वारा रक्षित आरक्षी केंद्र दुर्ग से स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र का सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ हुआ। शहीद आकाश राव गिरेपूंजे के श्रद्धांजलि से कार्यक्रम प्रारंभ..सर्वप्रथम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने सुकमा कोंटा में शहीद हुए आकाश राव गिरेपूंजे के प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट मौन में रहकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की।फिजिकल ट्रेनिंग में दक्ष, लेकिन मन से स्ट्रांग सशक्त होना आवश्यक

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के ज्वाइंट डायरेक्टर कैप्टन शिव सिंह ने बताया कि फिजिकल ट्रेनिंग में हम सब दक्ष होते हैं लेकिन मन से स्ट्रांग सशक्त होना भी आवश्यक है।शांत मन और स्वस्थ शरीर के साथ देश की सुरक्षा में हमारा योगदान सर्वोपरि है।स्थिर शांत मन शक्तिशाली होता है मन को शांत और बुद्धि को एकाग्र करना आवश्यक है, स्थिर शांत मन शक्तिशाली होता है। हम मन से कमजोर है तो परिस्थितियों हम पर भारी है।प्रकृति का नियम है शक्तिशाली कमजोर को प्रभावित करती है हम उन चीजों को कंट्रोल करने की कोशिश करते हैं जो हमारे कंट्रोल में नहीं है, जिससे हमें तनाव का सामना करना पड़ता है।प्रकृति का नियम है कमजोर को शक्तिशाली प्रभावित करता है अगर मैं शक्तिशाली हूं तो मेरा प्रभाव कमजोर चीजों पर पड़ेगा इसीलिए मुझे अंदर से शक्तिशाली बनना है।

**अपने बारे में जानना ही आध्यात्मिकता :-** शैलेंद्र सिंह माउंट आबू नेशनल कोऑर्डिनेटर सिक्योरिटी सर्विसेज विंग ने कहा कि आध्यात्मिकता कठिन नहीं बहुत सरल है,अपने बारे में जानना ही आध्यात्मिकता है, हमारे अंदर आंतरिक शक्तियां हैं जिसे राजयोग मेडिटेशन के अभ्यास से हमारे व्यवहार और स्वरूप में लाना है।निगेटिव विचार से मन की बैटरी जल्दी डिस्चार्ज होती है



मोटिवेशनल ट्रेनर ई वी स्वामीनाथ जी ने बताया कि मन का भोजन अच्छे या बुरे विचार होते हैं हमारे विचार ब्रेन को पॉपकॉर्न की तरह एक-एक मिनट में स्विच बदलता है जितना ज्यादा स्विच होगा उतना ज्यादा तनाव होगा।

निगेटिव विचार से मन की बैटरी जल्दी डिस्चार्ज हो जाती है। विचार शून्य हो जाना मेडिटेशन एकाग्रता नहीं है विचार रुकते नहीं है उन्हें दिशा देना पड़ता है विचारों का उत्पन्न होना ही प्रमाण है कि मैं जीवित हूं।

परमात्मा को चिंता तनाव सौंप कर उसका बच्चा बनकर रहे :-

ब्रह्माकुमारी दीपा दीदी ने सभी अधिकारी और जवानों को होमवर्क दिया कि आप सभी रात्रि को सोने से पहले अपने पद पोजीशन चिंता तनाव को परमात्मा को सौंपकर (आई एम गॉड ऑफ चाइल्ड) मैं परमात्मा का बच्चा हूं मेरी जिम्मेदारी आपकी 5 मिनट के अभ्यास करके ही सोये।

रंजीत सिंह डीआईजी, शंकर प्रसाद बरनवाल सेकंड कमांडेंट, शैलेश जी डिप्टी कमांडेंट (एस एस बी मरोदा) प्रज्ञा मेश्राम जी डिप्टी कमांडेंट सातवीं वाहिनी,कंपनी कमांडेंट वाल्मीकि प्रसाद, सूबेदार ओंकार साहू जी, संजय पंत इंस्पेक्टर जनरल जी एल मीणा डी आई जी पी एस ओ, अनिल कुमार तिग्गा जी डी आई जी, एच एस रावथेला डीआईजी सहित बड़ी संख्या में सुरक्षा से जुड़े जवानों अधिकारियों ने स्वास्थ्य शक्ति करण से राष्ट्र सशक्तिकरण अभियान द्वारा तनाव मुक्त जीवन का लाभ प्राप्त किया।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में चोरी का प्रयास, गिरोह के 4 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई ।** भिलाई इस्पात संयंत्र में चोरी का प्रयास करने वाले गिरोह के चार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । पुलिस ने बताया कि पकड़े गये आरोपी में सुनील कुमार, उम्र 20 वर्ष, निवासी डाक बंगला उत्कल चौक, पुरैना, भिलाई। उमेश बाग, उम्र 23 वर्ष, निवासी डाक बंगला उत्कल चौक, पुरैना, भिलाई, यमन उर्फ अमन बेहरा, उम्र 20 वर्ष, निवासी डाक बंगला उत्कल चौक, पुरैना, भिलाई,संदीप कुमार, उम्र 19 वर्ष, निवासी डाक बंगला उत्कल चौक, पुरैना, भिलाई। बता दे कि

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा थाना भिलाई भट्ठी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि कुछ व्यक्तियों द्वारा भिलाई स्टील प्लांट के ओएचबी जंक्शन 2-3 प्रोजेक्ट स्टोर के पीछे स्थित क्षेत्र से 65-65 किलोग्राम स्क्रैब कॉपर तार के दो बंडल 130 किलोग्राम चोरी करने का प्रयास किया गया है। प्राप्त रिपोर्ट पर थाना भिलाई भट्ठी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

## डॉ. देबलीना बैद्य ने गोल्ड मेडल जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया



**भिलाई ।** रायपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साइंस एंड आयुष यूनिवर्सिटी के हाल ही में हुए चौथे सालाना दीक्षांत समारोह में, रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, भिलाई के पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों ने कई विषयों में प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। इस समारोह में राज्यपाल रमेन डेका, छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और वाइस-चांसलर डॉ. प्रदीप कुमार पात्रा जैसी जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं।डॉ. देबलीना बैद्य ने ओवरऑल स्छ्स टॉपर और पीडियाट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री में सब्जेक्ट टॉपर के तौर पर दो गोल्ड मेडल हासिल किया, जबकि डॉ. शिवानी और डॉ. संजना अग्रवाल ने क्रमशः पेरियोडोंटोलॉजी और प्रोस्थोडोंटिक्स में सब्जेक्ट टॉपर के तौर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किए। दीक्षांत समारोह में जाने-माने शिक्षाविद, यूनिवर्सिटी के अधिकारी, फैकल्टी सदस्य, अभिभावक और डिग्री पाने वाले छात्र मौजूद थे।

## पीएम मोदी का 4,399 दिनों का ऐतिहासिक कार्यकाल भारत के विकास, सुशासन और जनकल्याण का स्वर्णिम अध्याय : बृजमोहन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को लगातार 4,399 दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले नेताओं में शामिल होने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भारत के विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रीय गौरव के पुनर्जागरण का पर्याय बन चुका है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान स्थापित की है और विश्व की प्रमुख शक्तियों में सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवा-समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्का घर, उज्ज्वला योजना के तहत करोड़ों महिलाओं को गैस कनेक्शन, जल जीवन मिशन के जरिए करोड़ों घरों तक स्वच्छ पेयजल, जनधन योजना के माध्यम से वित्तीय समावेशन तथा आयुष्मान भारत योजना से करोड़ों नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कर उन्होंने जनकल्याणकारी शासन का नया प्रतिमान स्थापित किया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अनेक ऐतिहासिक निर्णयों को साकार होते देखा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ किया गया, वहीं अयोध्या में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण कर करोड़ों देशवासियों की वर्षों पुरानी आस्था और भावना का सम्मान किया गया। ये निर्णय भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक हैं।सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को शासन का मूल मंत्र बनाया है। उनके नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, विकास और वैश्विक नेतृत्व की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर राष्ट्रसेवा के लिए

### धान का कटोरा और धान के किसान हमारी पहचान है, अर्थव्यवस्था की धूरी है, इसे मिटाने पर तुली है सरकार



**रायपुर।** धान के अलावा अन्य फसल लेने पर 15000 रू. प्रति क्विंटल देने के फैसले को भेदभाव पूर्ण और धान के किसान विरोधी बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, धान के किसान हमारी पहचान है, प्रदेश के अर्थव्यवस्था की धूरी है, भाजपा की सरकार दुर्भावना पूर्वक इसे मिटाने पर तुली है। आखिर इस सरकार को धान के किसानों से इतनी हिकारत क्यों? प्रदेश का जनवायु और मानसून धान के अनुकूल है। दलहन, तिलहन एवं अन्य फसल लेने के लिये न किसानों की तैयारी है, न ही वातावरण अनुकूल। सरकार पहले जो खाद का संकट सामने खड़ा है, उसका निराकरण करे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकार का फैसला अव्यावहारिक है। धान के खेत में तिली, राहेर, कोदो, कुटकी, रागी, कपास, उड़द, मूंग कैसे बोयेंगे किसान? क्या किसान मेढ़ पार फोड़ कर, धान के खेत को पाट कर भर्री बना दे।

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31956/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31956**
**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR447A00408** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LALJI KURRE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **THANDA RAM KURRE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUBHASH KURRE** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE LAL JI KURRE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31965/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31965**
**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR650H00283** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SUDHAKAR DESHMUKH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DINKAR DESHMUKH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **डॉ. प्रीति सक्सेना** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31961/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31961**
**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR447B00276** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LAXMI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O PARAS MAL BHANSALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JAYANTI BHANSALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE PARASMAL BHANSALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31957/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31957**
**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR447B0276B** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LAXMI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O PARAS MAL BHANSALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MUKESH BHANSALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE PARASMAL BHANSALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत वसीयतनामा** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./31641/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31641**
**वार्ड का नाम- 49 - रानी दुर्गावती वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 49 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445I0004A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **UDAY KUMAR GUPTA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O KHAHRI PRASAD GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MENGHNATH SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE. SAMARU RAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री मोनेश्वर शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(10)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./31944/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31944**
**वार्ड का नाम-12 - कालीमाता वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 12 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR229I0042A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SAGAR SHRIVASTAVA** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O SHYAM SUNDAR SHRIVASTAVA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. ANURAG JINDAL 2. VARSHA JINDAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **1. S/O LATE. GHANSHYAM JINDAL 2. W/O ANURAG JINDAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./31812/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2026
रायपुर, दिनांक 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31812**
**वार्ड का नाम-30 - शंकर नगर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR328B00107** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PRANAB SHRIVASTAV** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O RAMSIYA SHRIVASTAV** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JITENDRA KUMAR AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O RAMCHANDRA AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती प्रीति सिंह**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं.- (3)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
email Id- eocghbzone1@gmail.com

***आम-सूचना***

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कॉलोनी कबीर नगर रायपुर** में निर्मित एमडी योजना में से **भवन क्रमांक एम. डी. - 77 फेस-4 श्रीमती महेन्दर कौर पति श्री स्व. जसबीर सिंह** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय/ एकमुश्त/ ऑफर आधार पर आबंटित/नामांतरण किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक 28/03/17** को लीज डीड/सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है।

मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्रीमती विजय लक्ष्मी साहू पति श्री गौरीशंकर साहू** के पक्ष में **दिनांक 10/11/23** को विक्रय कर दिया है।

तद्उपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन क्रेता **श्रीमती विजय लक्ष्मी साहू पति श्री गैरीशंकर साहू** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01**
**कबीर नगर, रायपुर**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31958/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31958**
**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR447B0276A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **LAXMI BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O PARAS MAL BHANSALI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAJENDRA BHANSALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O LATE PARASMAL BHANSALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31588/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31588**
**वार्ड का नाम- 58 शहीद पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 58 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR447B00296** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NAKUL SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHANESHWAR SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती शुचिता जैन** पिता/पति श्री/श्रीमती **पति वैभव जैन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31981/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31981**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR220J00313** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SATVANT KAUR BHALLA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TRILOK SINGH BHALLA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री अजय जायसवाल पिता श्री रामप्रसाद जायसवाल 2. श्रीमती सोनल जायसवाल पति श्री अजय जायसवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./31982/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31982**
**वार्ड का नाम- 27- इंदिरा गांधी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 27 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737G0013A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MANOHAR LAL GHANSHYAM** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHELARAM DODANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री नंद लाल डोडानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. चेलाराम डोडानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र, टैक्स रशीद, बिक्रीनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री संतोष पाण्डेय**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक- (2)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./32039/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 32039**
**वार्ड का नाम- 62 शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 62 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR654C00280** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GULAM RASUL KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE ABDUL SATTAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NUZHAT PARVEEN QURESHI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MOHAMMAD SAIFULLA QURESHI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री हितेन्द्र यादव**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31941/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 09-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31941**
**वार्ड का नाम- 7 - कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 7 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR226ZA0285** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VARSHA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NEELAMBER SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अमरनाथ यादव** पिता/पति, श्री/श्रीमती **घसिया यादव** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31774/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 10-06-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31774**
**वार्ड का नाम- 11 - डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 11 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227K0483A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHIVAN DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINOD KUMAR DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. संध्या चक्रबोर्ती 2 संदीप चक्रबोर्ती** पिता/पति, श्री/श्रीमती **गुरू प्रसाद चक्रबोर्ती** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

# नकली खाद माफियाओं के हौसले बुलंद, जयनगर में नए नाम से फिर शुरू हुआ अवैध कारोबार, जांच अधिकारी पर लीपा-पोती के आरोप

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** सूरजपुर कलेक्टर द्वारा पुराना लाइसेंस निरस्त होने के बाद अब बेटे के नाम पर जारी हुआ नया लाइसेंस ग्रामीणों ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर लाइसेंस रद्द करने की उठाई मांग।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिले के बिश्रामपुर, जयनगर क्षेत्र के अन्नदाताओं की पीठ पर छुरा घोंपने और नकली खाद का काला साम्राज्य चलाने वाले माफियाओं और खाद संचालकों के हौसले सातवें आसमान पर हैं। जयनगर स्थित एक रासायनिक खाद संचालक द्वारा न सिर्फ भारी मात्रा में नकली खाद का निर्माण किया जा रहा है, बल्कि अलग-अलग गुप्त ठिकानों पर इसका अवैध भंडारण कर भोले-भाले किसानों का शोषण किया जा रहा है। मामले में सबसे चौंकाने वाला मोड़ तब आया जब जांच अधिकारी की भूमिका ही संदिग्ध पाई गई, जिससे विभाग की मिलीभगत की बू आ रही है।

मकान मालिक के कथनानुसार विमल रजवाड़े के घर से ही लायसेंस धारक प्रशान्त कुमार अग्रवाल का 163 बोरी खाद जब्त, फिर भी आरोपी अज्ञात बताया जा रहा है जिससे किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि बीते 25 मई 2026 को तत्कालीन कृषि उर्वरक निरीक्षक नागेंद्र आर्मो द्वारा ग्राम भगवानपुर कला के विमल राजवाड़े के घर पर दबिश देकर 163 बोरी अवैध खाद जब्त की गई थी। पूछताछ में घर मालिक विमल राजवाड़े ने स्पष्ट रूप से खाद संचालक प्रशांत कुमार अग्रवाल पिता मामन कुमार अग्रवाल का नाम उजागर किया था। इसके बावजूद, सांठ-गांठ और लीपा-पोती का खेल खेलते हुए जांच अधिकारी ने जब्ती को अज्ञात दर्शा दिया।

हस्तलिखित नोट से संदेहास्पद खेल उजागर, जांच अधिकारी नागेंद्र आमों को फील्ड से हटाया गया।

सूत्रों के मुताबिक, जांच अधिकारी द्वारा खाद का सैंपल लेने के बाद उसे प्रयोगशाला भेजने में 7 दिनों का जानबूझकर विलंब किया गया, जो इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि आरोपी को बचाने के लिए पर्दे के पीछे तगड़ी सेटिंग चल रही थी। किसानों ने बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इस खाद संचालक परिवार का इतिहास ही अवैध कारोबार से जुड़ा रहा हैमई 2025 का



काला इतिहास, पिछले साल 30 मई 2025 को विभाग ने मामन कुमार के पिता तत्कालीन 92 वर्षीय लाइसेंस धारी महावीर प्रसाद अग्रवाल के ठिकानों पर छापा मारकर 2400-2500 बोरी अवैध खाद, 3000 खाली बोरियां और नकली खाद बनाने की सामग्री जब्त की थी। जयनगर थाने में अपराध दर्ज होने के बाद सूरजपुर कलेक्टर के आदेश पर उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया गया था, जिसका मामला आज भी कोर्ट में बिचाराधिन है।

पुराना लाइसेंस निरस्त होते ही मुख्य कर्ता-धर्ता मामन कुमार अग्रवाल ने नया पैंतरा बदला और अपने पुत्र प्रशांत कुमार अग्रवाल के नाम पर नया खाद लाइसेंस हासिल कर लिया। नाम बदला, लाइसेंस बदला, लेकिन नकली खाद और कालाबाजारी का गंदा खेल नहीं बदला

**ग्राम सभा भड़की, प्रस्ताव पारित कर कहा- रद्द हो लाइसेंस-** इस पूरे फर्जीवाड़े के खिलाफ अब जयनगर के ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। 5 जून को आयोजित ग्राम सभा सम्मेलन में ग्रामीणों ने इस तानाशाही और धोखाधड़ी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित कर उक्त खाद संचालक का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

**भाजपा नेता मो. इसराईल ने खोला मोर्चा मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर से की लिखित शिकायत-** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जशपुर जिला प्रभारी मो. इसराइल ने इस गंभीर मुद्दे को उठाते हुए उप संचालक कृषि अधिकारी सूरजपुर को लिखित शिकायत सौंपी है।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि उच्च अधिकारियों की देखरेख में मामले की पुन सुपरविज़न जांच होनी चाहिए।

वहीं रासायनिक खाद्य जप्त करने पाश्चात्य उप- संचालक कृषि अधिकारी द्वारा खाद विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसके बावजूद उक्त खाद विक्रेता द्वारा खुलेआम खाद विक्रय किया जाना कृषि अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त का संकेत देता है। सूरजपुर जिले में नवपदस्त कलेक्टर के द्वारा रासायनिक खाद बीज को लेकर शक्त निर्देशों के बावजूद कृषि विभाग के संरक्षण से नकली खाद व कालाबाजारी का गोरख धंधा खुलेआम निर्बाध गति से जारी है।मो. इसराइल ने इस भ्रष्टाचार और किसानों के साथ हो रहे खिलवाड़ की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री छ.ग. शासन और कलेक्टर सूरजपुर को भी उचित व कड़ी दंडात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इन रसूखदार खाद माफियाओं और भ्रष्ट जांच अधिकारियों पर क्या हंटर चलाता है या फिर अन्नदाता यूं ही लुटता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध साल लकड़ी परिवहन पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, ओमनी वैन सहित 9 नग साल चिरान जब्त



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार)-** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत सर्किल धरमपुर के ग्राम सिंघरा (कोढ़ीडोल पारा) में प्राप्त जानकारी के अनुसार, 09 जून 2026 की देर रात लगभग 12:15 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिंघरा (कोढ़ीडोल पारा) में कुछ लोग ओमनी वैन में अवैध रूप से लकड़ी लोड कर रहे हैं। सूचना मिलते ही मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वनवृत के मार्गदर्शन तथा वनमण्डलाधिकारी सूरजपुर श्री दुलेश्वर प्रसाद साहू के निर्देशन में वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा और क्षेत्र की घेराबंदी कर वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ओमनी वैन से 09 नग अवैध साल चिरान (लकड़ी) बरामद की है। वन विभाग की टीम ने रात करीब 12:30 बजे ओमनी वैन क्रमांक ब्ळ 04 ठभ् 6275 को पकड़ लिया। हालांकि, अंधेरे का लाभ उठाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से 09 नग अवैध साल चिरान बरामद किया गया। वन विभाग ने मामले में वन अपराध दर्ज कर लिया है तथा भारतीय वन अधिनियम, 1927 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। फरार चालक की तलाश भी जारी है। वन विभाग के अनुसार, इस सफल कार्रवाई में उपवनमण्डलाधिकारी प्रतापपुर, वन परिक्षेत्राधिकारी प्रतापपुर एवं परिक्षेत्र सहायक धरमपुर की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# छत्तीसगढ़ कैडर के परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारियों ने सूरजपुर जिले का भ्रमण किया



### केनापारा पर्यटन स्थल, शशिपुर माटी कला ग्लेजिंग यूनिट एवं राष्ट्रपति भवन पंडोनगर का किया अवलोकन, महिला समूहों के कार्यों की सराहना

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )-** भारतीय प्रशासनिक सेवा के छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षणरत परिवीक्षाधीन अधिकारी श्री आर. गोकुल, श्री यशवंत नायक एवं श्री इशांत जायसवाल ने सूरजपुर जिले का भ्रमण कर यहां की पर्यटन, संस्कृति एवं आजीविका से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के पूर्व प्रशिक्षु अधिकारियों ने कलेक्टर श्रीमती रेना जमील से सौजन्य भेंट की।

**केनापारा पर्यटन स्थल का अध्ययन, महिला समूहों के कार्यों की सराहनाः-** प्रशिक्षु अधिकारियों ने जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित केनापारा का स्थल भ्रमण किया, जहां उन्होंने माइन्स के उत्खनन उपरांत अनुपयोगी पड़े पोखरी को एसईसीएल एवं जिला प्रशासन के माध्यम से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किए जाने की प्रक्रिया का विस्तृत अध्ययन किया। उन्होंने यहां महिला समूहों द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की सराहना की एवं उनके आर्थिक सशक्तिकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

**शशिपुर माटी कला ग्लेजिंग यूनिट का भ्रमणः-** इसके पश्चात अधिकारियों ने जिले के शशिपुर तलाई कछार में माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित ग्लेजिंग यूनिट का भ्रमण किया। यहां उन्होंने कार्यरत कर्मचारियों एवं महिला समूह के सदस्यों से भेंट कर मशीन एवं ओपन भट्टी के माध्यम से मिट्टी से बनाये जा रहे विविध उत्पादों का अवलोकन किया तथा उत्पादों की मार्केटिंग एवं आमदनी के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

**राष्ट्रपति भवन पंडोनगर पहुंचकर जाना ऐतिहासिक महत्वः-** भ्रमण के क्रम में प्रशिक्षु अधिकारी भारत के प्रथम राष्ट्रपति भवन पंडोनगर पहुंचे, जहां उन्होंने तत्कालीन समय के साक्षी रहे श्री बसंत पंडो जी एवं उनके समाजजनों से भेंट कर प्रथम राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक महत्व के संबंध में जानकारी प्राप्त की। परिसर का अवलोकन कर अधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। भ्रमण के दौरान डिप्टी कलेक्टर श्री सुनील अग्रवाल, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर श्री यशवंत देवांगन, डीपीओ डॉ. मोहन साहू, श्री बसंत पंडो सहित संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, महिला समूहों के पदाधिकारी एवं स्थलों में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा आयोजित समर कैंप का महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह की उपस्थिति में हुआ समापन

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में द्वारा 18 मई से 10 जून तक कर्मचारियों के बच्चों के लिए 21 दिवसीय समर कैंप का समापन स्नेह मिलन क्लब मे आज डॉ संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक के मुख्य आतिथ्य में किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय सयुंक्त सलाहकार समिति सदस्य एवं क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य, सी.एम.ओ.ए.आई, सिस्टा के प्रतिनिधि उपस्थित थे, साथ ही एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के कार्यरत कर्मचारियों के बच्चे (प्रतिभागी के रूप में), डी.ए.व्ही. विद्यालय, बिश्रामपुर के प्राचार्य महोदया, विद्यालय के स्पोर्ट्स शिक्षिका एवं केम्प को संचालित करने के लिए निर्णायक (रेफरी) उपस्थित थे. कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक



बिश्रामपुर क्षेत्र का स्वागत शाल, श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ देकर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर , राष्ट्रगान एवं कोल इंडिया गीत के साथ किया गया. गया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष, डॉ संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक , बिश्रामपुर क्षेत्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि एसईसीएल समर कैंप कर्मचारियों के बच्चों के लिए 21 दिनों का फिटनेस, रचनात्मकता, सीखने और आनंद से भरपूर कार्यक्रम था. यह शिविर एसईसीएल कर्मचारियों के कक्षा बारहवीं तक के बच्चों के लिए एक सुरक्षित, संरचित, आकर्षक और एकसमान ग्रीष्मकालीन गतिविधि मंच प्रदान करने के लिए था, जिसमें शारीरिक गतिविधि, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति, शौक का विकास, सामाजिक संपर्क और मूल्य-आधारित शिक्षा का संयोजन था। यह योजना एक सुबह के दिन के शिविर के रूप में तैयार की गई है जिसमें गतिविधि, कला, शौक और सीखने की मिश्रित संरचना है, जो स्थापित ग्रीष्मकालीन शिविर मॉडलों के अनुरूप था।विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की सक्रिय सहभागिता एवं उत्साह ने इस समर कैंप को अत्यंत सफल एवं यादगार बना दिया।

उक्त कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन, बिश्रामपुर क्षेत्र के स्टाफ आफिसर (मा. स.), संजय कुमार शिन्दे, ने दिया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हरेंद्र तिवारी,प्रबंधक(मा.स.), प्रदीप कुमार प्रबंधक(मा.स.), अलोक पांडेय, वरी. अधिकारी (मा.स.), समीर मिश्रा, वरी.अधिकारी ( मा.स.),संजय कुमार, खेल लिपिक एवं श्री राजनाथ (रेफरी) का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मंगलसूत्र गूथने एवं आभूषण साफकरने के नाम पर ठगी करने वाली महिलाओं के गिरोह को विश्रामपुर पुलिस ने धर दबोचा

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** लंबे समय से विभिन्न क्षेत्रों में आभूषण साफसफाई करने के नाम पर सीधे-साधे ग्रामीण महिलाओं से ठगी करने एवं महाभूषण साफकरने वाली महिलाओं को विश्रामपुर पुलिस ने धर दबोचा

पुलिस के हाथ चढ़ने वाली ठग महिलाओं में परमिला गिरी पति विष्णु गिरी जाति गोस्वामी उम्र 19 साल सा. रसकालो थाना दरिमा जिला सरगुजा,मीरा गिरी पति देवराज गिरी उम्र 20 साल सा. ग्राम करेंया थाना दरिमा जिला सरगुजा , बिंदिया बाई पति शिवा गिरी उम्र 45 साल साकिन ग्राम करेंया थाना दरिमा जिला सरगुजा ,राजकुमारी गिरी पति रघुराज गिरी उम्र 25 साल साकिन ससकालो थान दरिमा जिला सरगुजा शामिल है।

जानकारी के अनुसार गत 9 जून को थाना विश्रामपुर में एक रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 3 जून के दोपहर करीब 1.30 बजे अपने बहु राधिका राजवाडे के घर गयी थी उसी समय उसके घर के सामने चूडी माला एवं सोना चांदी को साफ करने व माला गूथने वाले चार महिलायें आये थे और प्रार्थीया एवं उसके बहु से बोले कि हम लोग माला गूंथते है चूड़ी पहनातें है साफ करतें हैं तब प्रार्थीया महिलाओं का नाम पता पूछी तो अपना नाम परमिला गिरी, नीरा गिरी बिंदिया गिरी व राजकुमारी गिरी सभी निवासी दरिमा क्षेत्र का होना बताये तो प्रार्थीया भी अपने गले से सोने का इस्तमाली पूरानी मोहर माला को उतारकर परमिला गिरी को दी परमिला गिरी अपने हाथ में लेकर नीरा गिरी का गूथने एवं साफ करने को दी उसी दौरान वे लोग प्रार्थीया से पीने के लिए पानी मांगें तो प्रार्थीया अपने बहु को पानीलाने को बोली तथा व स्वयं गूड़ाखू करने लगी और मूंह धोने थोड़ा दूर गयी मूंह धोने के बाद वापस आने पर परिमिला गिरी गूंथे मोहर माला को प्रार्थीया के गले में पहनाई। माला गूथने के बदले चावल मांगने पर चावल दी उसके बाद चारो महिलायें वहां से चली गये शाम को जब प्रार्थीया की भांजा बहु अवधी राजवाडे घर आयी तो उसे बतायी कि मैं अपने मोहरमाला को गूंथवायी हूं देखो तो माला को देखकर अवधी राजवाडे बतायी कि मोहरमाला नकली जैसा लग रहा है तब प्रार्थीया सूरजपुर दीपक सोनी के सोनार दूकान में जाकर अपने मोहरमाला को चेक करायी तो सोनार बताया कि सोना का मोहर नहीं है पितल धातू लग रहा है। प्रार्थीया के रिपोर्ट पर सदर धारा का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में लेकर पुलिस ने थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने विवेचना प्रारंभ किया । विवेचना दौरान प्रार्थीया एवं गवाहानो से पूछताछ कर कथन लिया गया घटनास्थल का निरीक्षण किया गया बाद आसपास गांव में मूखबिर तैनात किया गया मूखबिर से सूचना मिला कि प्रार्थीया जैसे बतायी गये महिलाओं जैसा रामनगर रोड पासिंग नाला तरफ जाते हुए दिखाई दिये हैं कि सूचना पर पासिंग नाला के पास गये जहां पर आरोपीगण महिलायें मिली उनसे पूछताछ किया गया जो गांव गांव में जाकर चूड़ी बेचना सोने का जेवर की सफाई करना बतायी प्रार्थीया के साथ हुऐ घटना के बारे में पूछताछ किया गया।

### कुदरगढ़ ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार 2026 के अंतिम शिविर का सफल आयोजन

#### शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

गोपाल सिंह विद्रोही



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार)-** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत ओड़गी के ग्राम पंचायत कुदरगढ़ में आज कुदरगढ़ शेड में अंतिम सुशासन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री रामसेवक पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विकासखंड ओड़गी के ग्राम पंचायत कुदरगढ़ अंतर्गत आयोजित इस शिविर में ओड़गी, कालामांजन, गिरजापुर, पालदनौली, इन्दरपुर, धुर, बभना, कुदरगढ़, भंवरखोह, आनंदपुर, करी, कुप्पी, धरसेड़ी, चपदा, रामपुर एवं बांक सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों के क्षेत्रवासी शामिल हुए।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीणजनों की समस्याओं का मौके पर निराकरण भी किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री रामसेवक पैकरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि सुशासन तिहार राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना एवं आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणजनों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने एवं शासन-प्रशासन के साथ मिलकर क्षेत्र के समग्र विकास में सहभागी बनने की अपील की।

इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


# टॉयलेट हंट क्रिकेट अकादमी कप सीजन का हुआ समापन

### सूरजपुर जिला के प्रतिभा आई सामने

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-** टैलेंट हंट क्रिकेट अकादमी बिश्रामपुर द्वारा आयोजित बिश्रामपुर कप जूनियर का श्री अय्यप्पा ग्राउंड में भव्य समापन किया गया। टैलेंट हैंड ग्रीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 178 रन बनाए। रन का पीछा करते हुए टैलेंट हंट ब्लू की टीम 67 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अथर्व को शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफद मैच चुना गया। स्वास्तिक केसरी चार ओवर में 10 रन दे कर 5 विकेट झटके। अथर्व नेअपने टीम के लिए 46 रनों का योगदान दिया। बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार हर्ष चौधरी, बेस्ट बॉलर यश बंसल, बेस्ट फील्डर गोलू यादव, बेस्ट कीपर समवर्ती सिंह को



दिया गया। ऑल राउंडर प्रदर्शन करने वाले स्वास्तिक केसरी को मैन ऑफदी सीरीज से नवाजा गया।। कई अन्य खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर भी सम्मानित



किया गया। बिगत 10 वर्षो से यह एकेडमी निरंतर सरगुजा जिला और छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के लिए अनेक अच्छे खिलाड़ी तैयार कर रहा है। समापन समारोह के मुख्यतिथि बिंदेश्वर शरण सिंह देव अध्यक्ष जिला सूरजपुर न्यूज़ बाल क्रिकेट एसोसिएशन तथा अध्यक्षता नगर पंचायत बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव ,विशिष्ट अतिथियों में दीपेंद्र चौहान उपाध्यक्ष नगर पंचायत विश्रामपुर ,विक्की यादव पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विश्रामपुर, राजेश जैन सेक्रेटरी जिला सूरजपुर डयूज़ बाल क्रिकेट एसोसिएशन ,राकेश राजवाड़े ,विनय सिंह , राजेंद्र पासवान , विकास तायल ,रामनिवास तिवारी , अमित मित्तल ,मुजाहिद खानसहित काफी संख्या में अभिभावक तथा दर्शक व खेल प्रेमी उपस्थित थे। दीपेंद्र चौहान ने खिलाड़ियों में अनुशासन की भावना को देखते हुए अकादमी संचालक केसरी को बधाई दी, राजेश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा के खिलाड़ी को संसाधन की कमी नहीं होने देंगे। राजेश जैन ने कहा की बिंकी बाबा के प्रयास के खिलाड़ियों को बड़ा मंच मिल सकता है। मुख्य अतिथि बिंदेश्वर शरण सिंह देव ने खिलाड़ियों के उत्साह और ऊर्जा को देखते हुए इन्हें अच्छी से अच्छी सुविधा एवं मंच प्रदान करने का आश्वासन दिया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में अंपायर अमन सिंह, नमन सिंह स्कोरर दीपक भारती, कॉमेंटेटर वरुण राज अविनाश ठाकुर ने पूरा योगदान दिया। शिक्षक यूपी केसरी ने बताया अकादमी में बच्चों के फिटनेस स्ट्रेचिंग बैटिंग बॉलिंग फील्डिंग सभी स्तर पर उनकी क्षमता के अनूरूप काम किया जाता है। और खिलाड़ी को निखारने में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं। अंत में यूं,पी, केसरी जी ने सभी अतिथियों का,मीडिया का, अभिभावकों का एवं दर्शको का आभार व्यक्त किया। और आश्वासन दिया कि खिलाड़ियों को हम ऊर्जावान, क्षमतावान व चरित्रवान बनाएंगे।

# संपादकीय

## धनी तबकों पर ले जाए

प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा वे अपना धनी तबकों पर ले जाएं। आर्थिक संकट के बारे में प्रधानमंत्री के भाषणों से देश में फैले भय के बीच अब केंद्र ने सोना, चांदी और अन्य कीमती धातुओं के आयात पर शुल्क बढ़ा कर 15 (10 प्रतिशत कस्टम+ 5 फीसदी कृषि एवं विकास उपकर) कर दिया है। गौरतलब है कि सोने का आयात विदेशी मुद्रा भंडार में सेंध लगने का बड़ा कारण बना रहा है। मगर कारणों की पड़ताल करें, तो आयात बढ़ने की सीधी जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी सरकार पर जाएगी। केंद्र ने मई 2022 में यूएई के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर अमल शुरू किया, जिसके तहत वहां से टैरिफ रेट कोटा सिस्टम के तहत स्वर्ण आयात पर शुल्क सामान्य छह प्रतिशत से एक प्रतिशत कम (यानी पांच प्रतिशत) कर दिया गया। इसके पहले (2022 में) भारत के कुल स्वर्ण आयात में यूएई का हिस्सा 7.9 प्रतिशत (2.9 बिलियन डॉलर) था, जो पिछले साल 28 प्रतिशत (16.5 बिलियन डॉलर) हो गया। इस बीच पिछले साल सोने के भाव में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई। इससे सोना आम मध्य वर्ग की पहुंच से बाहर हो गया। जबकि अति धनी लोग खरीदारी करते रहे, जिससे डॉलर बाहर गया। प्रधानमंत्री ने मध्य वर्ग से विदेश जाने से बचने का आह्वान भी किया है। लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या में पिछले दो साल में गिरावट आई है।फिर भी डॉलर बाहर जाने में बढ़ोतरी हुई, तो उसका कारण अति धनी व्यक्तियों का विदेश में चल और अचल संपत्ति में निवेश है। अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक 26.4 बिलियन डॉलर का निवेश इन लोगों ने विदेश में किया। ऐसा इसलिए संभव हुआ, क्योंकि मोदी सरकार ने लिबरलाइज्ड रेमिटैंस स्कीम, टैक्स राहत, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस आदि के नाम पर विदेशी कर्मियों के लिए खुद इसका मार्ग प्रशस्त किया। ये मुद्दे इसलिए उठे हैं, क्योंकि नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की करनी से पैदा हुई समस्या का मुकाबला करने की सारी जिम्मेदारी नागरिकों पर डालने का प्रयास किया है। मगर उससे हालात नहीं सुधरेंगे। बेहतर होगा सरकार संकट-कालीन प्रशासनिक उपाय करे और अपना ध्यान मध्य वर्ग के बजाय धनी तबकों पर ले जाए।

# नीतिगत गतिरोध से विकसित भारत तक:मोदी युग ने भारत को नए सिरे से परिभाषित किया

श्री पीयूष गोयल



वर्ष 2014 के बाद से, भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। इसकी अर्थव्यवस्था कहीं अधिक मजबूत हुई है। बुनियादी ढांचा निश्चित रूप से बेहतर हुआ है। महिलाएं बेहद सशक्त हुई हैं। किसानों को बेहतर दाम मिल रहे हैं और गरीब अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित हुए हैं। इन तमाम बदलावों में एक ही बात साझा है: प्रधानमंत्री मोदी की दूरदृष्टि और उनका नेतृत्व। भारत के लोगों ने उनके दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व का भरपूर समर्थन किया है और उन्हें देश का सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाला निर्वाचित प्रधानमंत्री बनाया है। बीते 10 जून को उन्होंने राष्ट्र की सेवा में 4,399 दिन पूरे किए और अपनी पहली चुनावी जीत के बाद जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गए।यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की लोकतांत्रिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। देश के लोगों ने ऐसे समय में 2014 में मोदी सरकार को भारी बहुमत से सत्ता सौंपी, जब अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही थी और यूपीए सरकार के बदनाम कार्यकाल के दौरान नीतिगत गतिरोध, भ्रष्टाचार, घोटालों एवं विवादों को लेकर जनता में निराशा लगातार बढ़ रही थी।संवेदनशील नेतृत्व - 2014 से देश निरंतर बदलाव की यात्रा पर है। मोदी सरकार ने 81 करोड़ से अधिक लोगों के लिए मुफ्त अनाज की व्यवस्था की, 58 करोड़ जन धन बैंक खातों के जरिए वित्तीय समावेशन को संभव बनाया और 16 करोड़ घरों तक नल के पानी का कनेक्शन पहुंचाया। दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना, 'आयुष्मान भारत' के जरिए 12 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी मिल रही है। कई युवा भारतीयों के लिए यह कल्पना करना मुश्किल हो सकता है कि मोदीजी द्वारा - पहले गुजरात के मुख्यमंत्री और बाद में प्रधानमंत्री के रूप में - लाए गए बड़े बदलावों से पहले जीवन कितना चुनौतीपूर्ण था। उनके निर्णायक नेतृत्व और नेक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण ने देश को 'विकसित भारत 2047' मिशन की दिशा में आगे बढ़ाया है। इस मिशन में भारत की विरासत पर गर्व और विकास का एक महत्वाकांक्षी एजेंडा शामिल है।नारी शक्तिप्रधानमंत्री के लिए महिलाएं केवल सहायता की लाभार्थी नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माता हैं। सबसे पहले उनकी बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दिया गया: स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए। इससे उनकी सुरक्षा और सम्मान में वृद्धि हुई। वहीं, उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन दिए गए। इससे महिलाओं को धुएं से भरी रसोई के खतरों से मुक्ति मिली।'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की पहल ने बेटियों की शिक्षा एवं उनके कल्याण के महत्व को और ठोस बनाया है। 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के जरिए, प्रधानमंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ाने के लिए देश की विधायिकाओं में महिलाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की है।किसानों का कल्याणकिसानों का कल्याण प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों का एक मुख्य आधार रहा है। किसानों के योगदान को मान्यता देते हुए, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के जरिए उन्हें सीधे आय संबंधी सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत बांटे गए कुल 4.28 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि से लगभग 10 करोड़ किसान परिवारों को लाभ हुआ है।सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में भी काफी बढ़ोतरी की है, जो अब उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना है। साथ ही, किफायती दरों पर फसलों के लिए पोषक तत्व उपलब्ध कराकर किसानों को वैश्विक स्तर पर उर्वरकों की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से बचाया गया है।युवाओं के लिए अवसरयुवा भारतीयों के लिए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से, 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्टअप इंडिया' जैसी प्रमुख पहलें शुरू की गई हैं। 'कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय' के रूप में एक समर्पित मंत्रालय के गठन से जहां युवाओं को आधुनिक अर्थव्यवस्था के अनुकूल कौशल से लैस करने में मदद मिली है, वहीं भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में उभरती हुई क्रांति का लाभ उठाने के लिए तैयार भी किया गया है।'स्टार्टअप इंडिया' और नवाचार को दिए गए व्यापक समर्थन ने कई युवाओं को नौकरी खोजने वाला से हटकर नौकरी देने वाला बनने में मदद की है। इन पहलों ने उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) की एक ऐसी नई लहर की नींव रखी है, जिसमें आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के मामले में अहम योगदान देने की क्षमता है।अर्थव्यवस्था और जीवनयापन में सुगमतावर्ष 2014 से पहले, भारत की गिनती दुनिया की फ्रैजाइल फाइव (कमजोर पांच) अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में होती थी। निवेशकों का भरोसा भी लगातार कम हो रहा था। साहसिक सुधारों, निवेशकों के लिए अनुकूल नीतियों, वित्तीय अनुशासन और अपेक्षाकृत कम महंगाई के सहारे, भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और यह कारोबार व निवेश का एक आकर्षक स्थल बनता जा रहा है।भारत ने विभिन्न विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इससे हमारे युवाओं, किसानों, छोटे व्यवसायों, कारीगरों और श्रमिकों के लिए वैश्विक स्तर पर नए अवसर खुले हैं। और ऐसा भारत के हितों से समझौता किए बिना किया गया है। यह यूपीए सरकार द्वारा किए गए कुछ लापरवाही भरे समझौतों से बिल्कुल अलग है।सरकार ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और करों की कम दरों जैसे बड़े सुधारों के जरिए कारोबार जगत और मध्यम वर्ग का भरोसा भी बढ़ाया है। इंटरनेट की पैठ और डिजिटल भुगतान प्रणाली के तेज विस्तार के साथ मिलकर, 'डिजिटल इंडिया' पहल ने अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव डालने के साथ-साथ नागरिकों के रोजमर्रा के जीवन को भी आसान बनाया है।कई पुराने एवं मामूली अपराधों को अपराध की श्रेणी से हटाने तथा अनुपालन के अनावश्यक बोझ को कम करने से कारोबार जगत को और भी अधिक लाभ हुआ है। मध्यम वर्ग को भी काफ़ी राहत मिली है और 12.75 लाख रुपये तक की सालाना आय को आयकर से छूट दे दी गई है।आधुनिक बुनियादी ढांचामोदी सरकार देश के बुनियादी ढांचे में तेजी से बदलाव ला रही है। सक्रिय हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। वर्ष 2014 में सक्रिय हवाई अड्डों की संख्या 74 थी और अब यह 160 से अधिक हो गई है।बड़े पैमाने पर रेलवे के विद्युतीकरण, महत्वाकांक्षी बुलेट ट्रेन परियोजना और राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेसवे के तेज विस्तार ने देश के कई हिस्सों के बुनियादी ढांचे को दुनिया के बेहतरीन बुनियादी ढांचों की बराबरी में ला खड़ा किया है।प्रधानमंत्री की इस ऐतिहासिक उपलब्धि का वास्तविक महत्व कार्यकाल के दिनों की गिनती में नहीं, बल्कि किए गए व्यापक बदलावों में निहित है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने गरीबों एवं किसानों के कल्याण, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं और उभरते भारत की महत्वाकांक्षाओं को शासन के केन्द्र में रखा है।अब जबकि देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है, 2047 तक 'विकसित भारत' के निर्माण के नए संकल्प के साथ बदलाव की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

**(लेखक केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं)श्री पीयूष गोयल**

# भारत की सेवा में विज्ञान के 12 वर्ष....

डॉ. जितेंद्र सिंह



जब जम्मू के डोडा जिले की एक लैवेंडर किसान मौसम के पहले फूल तोड़ती है, तब वह विज्ञान नीति के बारे में नहीं सोचती। लेकिन सच यह है कि केंद्र शासित प्रदेश की बंजर पहाड़ियों को बैंगनी फूलों की सुगंधित खेती में बदलने के पीछे पिछले एक दशक में किया गया उद्देश्यपूर्ण और दूरदर्शी वैज्ञानिक निवेश ही है। यह ग्रामीण आजीविका में आई ऐसी क्रांति है, जिसकी शुरुआत एक प्रयोगशाला से हुई थी। असल में, भारत में पिछले बारह वर्षों की विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का यही अर्थ है। विज्ञान केवल ज्ञान बढ़ाने का माध्यम नहीं रहा, बल्कि वह हमारे नागरिकों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाने वाली एक जीवंत और प्रभावशाली शक्ति बन गया है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में पदभार संभाला, तब उन्होंने एक ऐसी सोच प्रस्तुत की जिसमें विज्ञान को केवल किसी विभाग का काम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मिशन माना गया। इसके बाद के वर्षों में इस दृष्टि ने ऐसे परिणाम दिए, जो एक पीढ़ी पहले असाधारण माने जाते। आज भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यान उतार चुका है, पहली बार अपनी स्वदेशी एंटीबायोटिक विकसित कर चुका है, पुणे से पटना तक सुपरकंप्यूटर स्थापित कर चुका है और एक ऐसे अंतरिक्ष अर्थतंत्र का निर्माण कर चुका है जिसमें देशी स्टार्टअप्स तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन इन उपलब्धियों की असली कहानी यह नहीं है कि हमने क्या हासिल किया, बल्कि यह है कि इन उपलब्धियों ने आम नागरिकों के जीवन को किस तरह प्रभावित किया। विज्ञान अब केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय विकास और नागरिक सशक्तिकरण का सबसे शक्तिशाली माध्यम बन चुका है। किसानों का उदाहरण लें। भारतीय कृषि में मौसम हमेशा से सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। पिछले एक दशक में पृथ्वी अवलोकन (अर्थ ऑब्जर्वेशन) और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली में व्यापक सुधार किए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप आज किसानों को सटीक और स्थानीय स्तर पर मौसम की जानकारी मिल रही है। यह केवल संभावनाओं पर आधारित अनुमान नहीं, बल्कि इतनी सटीक जानकारी है कि कोई किसान परिवार यह तय कर सकता है कि फसल आज काटनी है या कल तक इंतजार करना है।आज यदि बंगाल की खाड़ी में कोई चक्रवात बनता है, तो हमारी आधुनिक पूर्व चेतावनी प्रणालियां तटीय समुदायों को कई घंटे, और कई बार कई दिन पहले ही सचेत कर देती हैं। इसका महत्व केवल आंकड़ों में नहीं मापा जा सकता; इसका वास्तविक मूल्य उन अनगिनत जानों और आजीविकाओं में दिखाई देता है जो समय रहते बचाई जा रही हैं। जम्मू-कश्मीर की पहाड़ियों और नदी घाटियों में विज्ञान ने अरोमा मिशन के रूप में दस्तक दी। इस कार्यक्रम के तहत किसानों को लैवेंडर की खेती से जोड़ा गया तथा उन्हें तकनीक, बेहतर बीज और बाज़ार तक पहुँच उपलब्ध कराई गई। जो पहल एक छोटे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हुई थी, वह आज भारत की पर्पल रिवोल्यूशन (बैंगनी क्रांति) के रूप में जानी जाती है। इसके माध्यम से हजारों किसान परिवार सुगंधित और औषधीय पौधों की खेती से सम्मानजनक आय अर्जित कर रहे हैं। इस समृद्धि के पीछे विज्ञान ने एक शांत लेकिन निर्णायक भूमिका निभाई है। इसी प्रकार के प्रयासों के तहत केसर की खेती का विस्तार, औषधीय जड़ी-बूटियों का उत्पादन और भारत में पहली बार हींग की खेती की शुरुआत की गई। इन पहलों ने साबित किया है कि यदि नवाचार जमीन से जुड़ा हो, तो वह किसी भी औद्योगिक तकनीक जितना परिवर्तनकारी हो सकता है। विज्ञान के माध्यम से ग्रामीण सशक्तिकरण केवल कृषि तक सीमित नहीं रहा है। किफायती ग्रामीण आवास के लिए विकसित 3डी-प्रिंटेड घरों के मॉडल से लेकर खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों तक, तकनीक को उन समस्याओं के समाधान के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है जिनका सामना समाज के सबसे कमजोर वर्ग करते हैं। कंप्यूटिंग, सेंसर तकनीक और इंजीनियरिंग को एक साथ जोड़ने वाले राष्ट्रीय अंत:विषय साइबर-फिजिकल सिस्टम मिशन के तहत देशभर में 25 टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों ने एक हजार से अधिक स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया है, जो सटीक कृषि, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता और ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान पर काम कर रहे हैं।

### भारत को स्वस्थ बनाना: जैव प्रौद्योगिकी की नई क्रांति

यदि कोई क्षेत्र भारतीय विज्ञान की परिवर्तनकारी शक्ति को सबसे प्रभावशाली ढंग से दिखाता है, तो वह जैव प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा का क्षेत्र है। दशकों तक भारत की फार्मास्युटिकल ताकत मुख्य रूप से विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) तक सीमित रही। हम उन दवाओं के जेनेरिक संस्करण बनाते थे, जिनकी खोज दूसरे देशों में होती थी। अब यह कहानी बदल रही है। दशकों में पहली बार भारत में खोजी गई स्वदेशी एंटीबायोटिक नैफिथ्रोमाइसिन का विकास केवल एक वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की दवा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की घोषणा भी है। सरकार के सहयोग से शोधकर्ताओं और उद्योग जगत की साझेदारी से विकसित यह दवा इस बात का प्रमाण है कि भारत की प्रयोगशालाएँ अब केवल दवाएँ बनाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नई दवाओं की खोज और विकास के वैश्विक अग्रिम मोर्चे पर भी काम कर सकती हैं। यह वह क्षमता है जो दुनिया के केवल कुछ देशों के पास ही है। इसी तरह एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि देश में हीमोफीलिया के लिए पहली सफल स्वदेशी जीन थेरेपी क्लीनिकल ट्रायल रही, जिसे वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज में सम्पन्न किया गया। हीमोफीलिया एक ऐसी बीमारी है जिसके उपचार के लिए मरीजों को जीवनभर महंगे इलाज की आवश्यकता होती है। जीन थेरेपी की विशेषता यह है कि यह बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के बजाय उसके मूल आनुवंशिक दोष को ठीक करने का प्रयास करती है। आनुवंशिक रोगों के बड़े बोझ वाले भारत जैसे देश के लिए यह उपलब्धि बेहद महत्वपूर्ण है और भविष्य की चिकित्सा प्रणाली को बदलने की क्षमता रखती है। इसके साथ-साथ जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट के तहत भारत की विविध आबादी से जुड़े 10,000 से अधिक मानव जीनोम का अनुक्रमण किया जा चुका है। इससे देश में ऐसी वैज्ञानिक नींव तैयार हो रही है, जिसके आधार पर भविष्य में प्रत्येक व्यक्ति की जैविक संरचना के अनुसार व्यक्तिगत और अधिक प्रभावी उपचार उपलब्ध कराए जा सकेंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत केवल बीमारियों का इलाज करने की दिशा में ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत चिकित्सा के उस युग की ओर बढ़ रहा है, जहां उपचार हर मरीज की आनुवंशिक विशेषताओं के अनुरूप होगा। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि किसी भी देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घरेलू जैव-चिकित्सा (बायोमेडिकल) क्षमता कितनी महत्वपूर्ण होती है। भारत की प्रतिक्रिया, अपने स्वयं के टीकों का विकास करना, उनका बड़े पैमाने पर उत्पादन करना और 1.4 अरब लोगों तक उन्हें पहुंचाना, हमारे जैव प्रौद्योगिकी तंत्र में वर्षों से किए गए निवेश का परिणाम थी। इस सफलता के पीछे बॉयोटेक्नोलॉजी इंडस्ट्री रिसर्च असिस्टेंस काउंसिल(बीआईआरएसी) की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस संस्था ने बायोटेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने, शैक्षणिक शोध और व्यावसायिक उत्पादन के बीच की दूरी कम करने तथा वैज्ञानिक नवाचारों को आम लोगों तक पहुँचाने में अहम योगदान दिया है। आज भारत में जैव-उद्यमियों की एक नई पीढ़ी उभर रही है, जो प्रिसिजन मेडिसिन, टिकाऊ जैव-आधारित सामग्री और अगली पीढ़ी की डायग्नोस्टिक तकनीकों पर काम कर रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह नवाचार केवल अमेरिका की सिलिकॉन वैली तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के शहरों, विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से भी उभर रहा है। इसी दिशा में जीनोम इंडिया प्रोजेक्ट एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। इस परियोजना के तहत 10,000 से अधिक भारतीयों के मानव जीनोम का अनुक्रमण किया जा चुका है। भारत जैसी अत्यंत विविध आबादी वाले देश के लिए यह उपलब्धि भविष्य की चिकित्सा व्यवस्था की मजबूत वैज्ञानिक नींव तैयार कर रही है। इससे आने वाले समय में ऐसी स्वास्थ्य सेवाओं का मार्ग प्रशस्त होगा, जहाँ उपचार केवल बीमारी के आधार पर नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय की विशिष्ट आनुवंशिक संरचना के अनुसार तय किया जाएगा। अर्थात भारत व्यक्तिगत चिकित्सा के नए युग की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जहाँ हर मरीज को उसकी जैविक आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक सटीक और प्रभावी इलाज मिल सकेगा।

### सितारों तक पहुंच, नागरिकों से जुड़ाव

23 अगस्त 2023 को जब चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की ओर अपने अंतिम चरण में उतर रहा था, एक ऐसा क्षेत्र जहां इससे पहले कोई देश नहीं पहुँच पाया था, तब करोड़ों भारतीयों की निगाहें उस ऐतिहासिक क्षण पर टिकी थीं। लैंडिंग का वह पल केवल तकनीकी सफलता नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास और सामर्थ्य का प्रतीक भी था। भारत ने वह कर दिखाया था जो दुनिया का कोई अन्य देश नहीं कर सका था। इसके बाद चंद्रमा की सतह से प्राप्त जानकारियाँ और लगभग 3.8 लाख किलोमीटर दूर से पृथ्वी पर भेजा गया वैज्ञानिक डेटा निस्संदेह अंतरिक्ष विज्ञान के लिए बेहद महत्वपूर्ण था। लेकिन उतना ही महत्वपूर्ण वह प्रभाव भी था, जो इस उपलब्धि ने देश की नई पीढ़ी की कल्पनाओं, आकांक्षाओं और आत्मविश्वास पर डाला। पिछले बारह वर्षों में भारत की अंतरिक्ष यात्रा महत्वाकांक्षा और जनहित के अनूठे संगम की कहानी रही है। जहाँ चंद्रयान-3 ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया, वहीं आदित्य-एल1 ने चुपचाप सूर्य का अध्ययन करने का अपना मिशन शुरू किया। यह मिशन अंतरिक्ष मौसम को समझने में मदद कर रहा है, जिसका सीधा प्रभाव पृथ्वी पर मौजूद उपग्रहों, बिजली ग्रिडों और संचार प्रणालियों पर पड़ता है।इसी क्रम में स्पेडेक्स मिशन ने भारत को उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल कर दिया, जिन्होंने अंतरिक्ष में दो यानों को सफलतापूर्वक जोड़ने की क्षमता प्रदर्शित की है। यह तकनीक भविष्य के अंतरिक्ष स्टेशनों और मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियानों के लिए अत्यंत आवश्यक मानी जाती है। वहीं शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिनों का ऐतिहासिक प्रवास भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन के सपनों को वास्तविकता के और करीब ले आया। यह केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं थी, बल्कि इस बात का प्रमाण भी थी कि भारत अब मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रहा है। इन उपलब्धियों का महत्व केवल अंतरिक्ष तक सीमित नहीं है। इन्होंने देश के युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के प्रति नई रुचि पैदा की है तथा यह विश्वास मजबूत किया है कि भारत न केवल वैश्विक वैज्ञानिक प्रगति का हिस्सा है, बल्कि उसका नेतृत्व करने की क्षमता भी रखता है। भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में आया परिवर्तन केवल अंतरिक्ष मिशनों तक सीमित नहीं है, चाहे वे कितने भी महत्वपूर्ण क्यों न हों। वर्ष 2023 की भारतीय अंतरिक्ष नीति ने लॉन्च व्हीकल, उपग्रह निर्माण और ग्राउंड सिस्टम सहित पूरे अंतरिक्ष मूल्य श्रृंखला को निजी क्षेत्र के लिए खोल दिया। इसके परिणाम बेहद उत्साहजनक रहे हैं। वर्ष 2014 में जहाँ भारत में केवल 11 स्पेस स्टार्टअप्स थे, वहीं आज उनकी संख्या 400 से अधिक हो चुकी है। ये स्टार्टअप्स रॉकेट बना रहे हैं, उपग्रह डिजाइन कर रहे हैं और कृषि निगरानी से लेकर आपदा प्रबंधन तक अनेक क्षेत्रों के लिए तकनीकी समाधान विकसित कर रहे हैं। भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 2014 के बाद से भारतीय प्रक्षेपण यानों ने 399 विदेशी उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया है। इसके चलते भारत दुनिया भर की अंतरिक्ष एजेंसियों और देशों के लिए एक विश्वसनीय एवं पसंदीदा साझेदार बनकर उभरा है। आज भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रही। यह हजारों युवा इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों के प्रयासों से निर्मित एक राष्ट्रीय संपत्ति बन चुकी है। निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी ने नवाचार, निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। आने वाले वर्षों के लिए भारत की योजनाएँ और भी महत्वाकांक्षी हैं। वर्ष 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की परिकल्पना की गई है, जबकि वर्ष 2040 तक मानवयुक्त चंद्र मिशन भेजने का लक्ष्य रखा गया है। यह दर्शाता है कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल वर्तमान उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। इसकी महत्वाकांक्षा दीर्घकालिक है, दृष्टि स्पष्ट है और दिशा लगातार नई ऊँचाइयों की ओर बढ़ रही है। अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का भविष्य केवल आशाजनक नहीं, बल्कि वैश्विक नेतृत्व की संभावनाओं से भी परिपूर्ण दिखाई देता है।

### नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भरता


आत्मनिर्भर भारत केवल एक राजनीतिक नारा नहीं है, बल्कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में यह एक मार्गदर्शक दर्शन बन चुका है। 6,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ शुरू किया गया राष्ट्रीय क्वांटम मिशन केवल एक नई तकनीक में निवेश नहीं है, बल्कि 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी प्रतिस्पर्धा में भारत की रणनीतिक स्थिति को मजबूत करने का प्रयास है। क्वांटम कंप्यूटिंग ऐसी जटिल समस्याओं को हल करने की क्षमता रखती है जिन्हें पारंपरिक कंप्यूटर हल नहीं कर सकते। क्वांटम संचार लगभग अभेद्य साइबर सुरक्षा प्रदान कर सकता है, जबकि क्वांटम सेंसिंग नेविगेशन, चिकित्सा इमेजिंग और भू-वैज्ञानिक खोजों में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। भारत अब इन सभी क्षमताओं का विकास अपने देश में ही कर रहा है। इसके लिए विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों और उद्योगों को जोड़ने वाले विशेष थीमैटिक हब स्थापित किए गए हैं। इसी तरह राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत पुणे, चेन्नई, खड़गपुर और अन्य शहरों में उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंगकी सुविधाएं विकसित की गई हैं। इससे भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स को वह कंप्यूटिंग शक्ति उपलब्ध हो रही है, जो पहले केवल कुछ चुनिंदा संस्थानों तक सीमित थी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतजेन, देश का पहला सरकारी वित्तपोषित बहुभाषी जनरेटिव एआई कार्यक्रम, ऐसे बड़े भाषा मॉडल विकसित कर रहा है जो भारतीय भाषाओं में सोच और संवाद कर सकें। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभ केवल अंग्रेज़ी बोलने वाले लोगों तक सीमित न रहें, बल्कि देश के हर नागरिक तक पहुँचें।इस आत्मनिर्भरता की दृष्टि को साकार करने में काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च(सीएसआईआर) का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। भारतीय इंजीनियरों द्वारा पूरी तरह स्वदेशी रूप से विकसित हंसा-एन.जी. प्रशिक्षण विमान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए तैयार किया गया है। यह भारत की विमानन तकनीक में आत्मनिर्भरता का प्रतीक है।इसी प्रकार भारत का पहला हाइड्रोजन फ्यूल-सेल संचालित पोत स्वच्छ समुद्री परिवहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं टिकाऊ विमानन ईंधन पर चल रहा शोध विदेशी तकनीकों पर निर्भरता कम करते हुए पर्यावरण-अनुकूल हवाई यात्रा का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।सीएसआईआर इनोवेशन कॉम्प्लेक्स, देश की अपनी तरह की पहली सुविधा, ऐसी प्रयोगशाला के रूप में विकसित की गई है जहाँ वैज्ञानिक अनुसंधान और उद्यमशीलता का संगम होता है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक खोजों को तेजी से बाजार में उपयोगी उत्पादों में बदलना है। इन प्रयासों के परिणाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2014 में भारत में केवल 11 स्पेस स्टार्टअप्स थे, जबकि आज उनकी संख्या 400 से अधिक हो चुकी है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि जब दूरदर्शी नीतियाँ, सार्वजनिक निवेश और उद्यमशीलता की ऊर्जा एक साथ काम करती हैं, तो असाधारण परिवर्तन संभव हो जाते हैं। आत्मनिर्भर भारत की यह यात्रा केवल तकनीकी प्रगति की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस भारत की कहानी है जो अपने ज्ञान, नवाचार और प्रतिभा के बल पर वैश्विक मंच पर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

### ऊर्जा सुरक्षा और भविष्य की तकनीकें

भारत के वैज्ञानिक परिवर्तन की कहानी परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में हुए रणनीतिक विकास का उल्लेख किए बिना अधूरी है। अप्रैल 2026 में कलपक्कम स्थित 500 मेगावाट क्षमता वाले प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की पहली क्रिटिकलिटी एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह रिएक्टर पूरी तरह भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों द्वारा विकसित किया गया है। इसका विकास इंदिरा गांधी सेंटर फॉर अटॉमिक रिसर्च ने किया है, जबकि इसका निर्माण भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड ने है।यह रिएक्टर भारत के तीन-चरणीय परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की ओर बढ़ने में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस कार्यक्रम का अंतिम लक्ष्य भारत में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध थोरियम भंडार का ऊर्जा उत्पादन के लिए उपयोग करना है। ऐसे समय में जब दुनिया स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है, घरेलू ईंधन संसाधनों से स्वच्छ और निरंतर ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता केवल आर्थिक लाभ का विषय नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक आत्मनिर्भरता का भी प्रश्न है।परमाणु विज्ञान का प्रभाव अब केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में भी इसका बड़ा योगदान दिखाई दे रहा है।टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल को इंटरनेशनल अटॉमिक एनर्जी एजेंसी से रेज ऑफ होप एंकर सेंटर के रूप में मान्यता मिलना भारत की कैंसर चिकित्सा क्षमता का वैश्विक सम्मान है। इसके साथ ही होमी भाभा कैंसर अस्पताल नेटवर्क के विस्तार और उन्नत रेडियोफार्मास्यूटिकल दवाओं के उपयोग से देशभर में कैंसर रोगियों को बेहतर और आधुनिक उपचार उपलब्ध हो रहा है। रेडियोफार्मास्यूटिकल्स ऐसी विशेष दवाएँ होती हैं जिनमें रेडियोधर्मी कणों का उपयोग कैंसर की पहचान और उपचार के लिए किया जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया की संसद में गूंजा भारतीय प्रतिभाओं का गौरव
## जैन समाज के समाजसेवी स्व. निर्मल कुमार जैन सेठी सम्मानित






**जयपुर (विश्व परिवार)।** भारतीय संस्कृति, मूल्यों और वैश्विक उत्कृष्टता का उत्सव बन चुके भारत गौरव अवार्ड का 13वां संस्करण 10 जून 2026 को ऑस्ट्रेलिया की ऐतिहासिक पार्लियामेंट ऑफ विक्टोरिया, मेलबर्न में आयोजित किया गया । संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित यह भव्य समारोह विश्वभर में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा, प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों तथा भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रभाव का साक्षी बना।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भारत गौरव अवार्ड का आयोजन ब्रिटिश संसद (लंदन), फ्रांस की सीनेट, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय (न्यूयॉर्क) तथा दुबई जैसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस वर्ष भी विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाली 25 विशिष्ट प्रतिभाओं को भारत गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि भारत गौरव अवार्ड विश्वभर में भारतीयों के लिए सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मानों में से एक माना जाता है। यह सम्मान उन व्यक्तित्वों को समर्पित है जिन्होंने व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, संस्कृति, अध्यात्म, जनसेवा, उद्यमिता और मानव कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को सशक्त बनाया है ।

इस वर्ष सम्मानित होने वाली प्रमुख विभूतियों में महाराष्ट्र की प्रथम महिला श्रीमती अमृता फडणवीस, पद्मश्री से सम्मानित आचार्य स्वामी ब्रह्मेशानंद, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल की प्रथम सांसद कौशल्या वाघेला, उद्योगपति सनवर हर्षवाल, पद्मश्री सम्मानित शास्त्रीय गायिका डॉ. सोमा घोष, पद्मविभूषण एवं पद्मभूषण से सम्मानित दिवंगत विज्ञापन विशेषज्ञ पीयूष पांडे, आध्यात्मिक गुरु करेली शंकरदास जी महाराज, न्यूजीलैंड के सामुदायिक नेता नरेन्द्र भाना, दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन विवेक यादव, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय आयुर्वेद एवं वेलनेस विशेषज्ञ रीठा सगरानी, अमेरिका के प्रसिद्ध शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक जैन, मुंबई की पर्यावरणविद् सहर भामला, तमिलनाडु के उद्योगपति डॉ. जी. शनमुगा राजा, शिक्षाविद् प्रो. डॉ. निर्मला एस. मौर्य, अमेरिकी उद्योगपति रणधीर ठाकुर, प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज के ग्लोबल सचिव राजयोगी बी.के. सूर्या भाईजी, प्रसिद्ध योगाचार्य ढाकाराम, ऑस्ट्रेलिया में मल्टीकल्चरल क्रिकेट एम्बेसडर संजय शर्मा, अमेरिका के आध्यात्मिक गुरु स्वामी अद्वितानंद गिरी, भारत- ऑस्ट्रेलिया रणनीतिक गठबंधन की सह-अध्यक्ष डॉ. रतन विर्क, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के पूर्व चेयरमैन डॉ. सेतुरत्नम रवि, जैन समाज के समाजसेवी स्व. निर्मल कुमार जैन सेठी, विरासत संरक्षण विशेषज्ञ राम सवानी, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के प्रथम मेयर प्रदीप तिवारी तथा उद्योगपति प्रवीण शर्मा शामिल रहे। समारोह में सम्मानित विभूतियों को भारत गौरव अलंकरण, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि भारत गौरव अवार्ड केवल सम्मान प्रदान करने का मंच नहीं, बल्कि विश्वभर में भारतीय प्रतिभा, सेवा, नेतृत्व और नवाचार को सम्मानित करने का एक वैश्विक अभियान है। यह उन प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को नमन करने का अवसर है जिन्होंने अपने कार्यों से भारत का गौरव विश्व पटल पर बढ़ाया है और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हैं।

उन्होंने बताया कि इस समारोह में भारत सहित 18 देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, सिंगापुर, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, इटली, स्विट्जरलैंड, स्पेन, पोलैंड, थाईलैंड और हांगकांग सहित विभिन्न देशों के भारतीय समुदाय के प्रमुख सदस्य शामिल हुए ।

# बेजुबानों के लिए जलदान अभियान को मिर्धा ने सराहा



**आरंग (विश्व परिवार)।** स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन गर्मी के दिनों मे बेजुबानों के लिए जलदान अभियान चला रहे हैं।जिसके तहत नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जगह जगह जलपात्र रखकर लोगों से जलदान की अपील की जाती हैं।इसी कड़ी में संस्था द्वारा इस गर्मी में भी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों जलपात्र रखा गया।जो बेजुबानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। विगत चार वर्षों से लगातार चलाए जा रहे इस सेवाभावी अभियान की आज छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में जमकर सराहना हो रही है।इसी कड़ी में मंगलवार को संस्था के सदस्यों ने आरंग के रविदास नगर व अन्य जगहों पर बेजुबानों के लिए जलपात्र रखा। जिसमें छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने स्वयं जलदान कर फाऊंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जलदान अभियान को मुक्त कंठ से सराहा। उन्होंने संस्था द्वारा की जा रही सभी रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा गौ सेवा, जनसेवा और पर्यावरण के क्षेत्र में पीपला की भूमिका अतुलनीय है। इस अभियान ने समाज में जीव दया और मानवीयता की एक अनूठी मिसाल पेश की है।इस अवसर पर संस्था के सदस्यगण व मोहल्ले वासी मौजूद थे।

# स्व सशक्तिकरण से राष्ट्र का सशक्तिकरण अभियान, यातायात पुलिस के बीच हुआ व्याख्यान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सुरक्षा प्रभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में सुरक्षा बलों के मनोबल में वृद्धि करने तथा तनाव मुक्ति हेतु आयोजित विशेष अभियान के अन्तर्गत यातायात पुलिस के जवानों के बीच स्वसक्तिकरण से राष्ट्र का सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान हुआ।

कार्यक्रम मे माउण्ट आबू से आए सुरक्षा प्रभाग के कर्नल बी.सी. सती, यातायात के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त विवेक शुक्ला, सहायक पुलिस आयुक्त रमेश येरेवार, सहायक पुलिस आयुक्त गुरजीत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त सतीश कुमार ठाकुर, सहायक पुलिस आयुक्त श्रीमती सीमा अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक टीके भोई, ब्रह्माकुमारी भावना दीदी और ब्रह्माकुमारी सिमरन दीदी सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान उपस्थित थे।

कर्नल (रिटायर्ड) बी.सी. सती ने अभियान का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारे जवानों को कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है जिसके कारण वह कभी न कभी तनाव का शिकार हो ही जाते हैं। ऐसे जवानों का मनोबल बढ़ाने तथा उन्हें तनाव से बचाने के लिए राजयोग मेडिटेशन का तरीका सिखलाने के उद्देश्य से हमने यह अभियान निकाला है।

# गायत्री नगर में आचार्य शशांक सागर जी महाराज का भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर (विश्व परिवार)।** श्री दिगंबर जैन मंदिर महारानी फार्म, गायत्री नगर जयपुर मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में 10 जून बुधवार प्रात 6-30 बजे एस एफ एस जैन मंदिर से विहार कर बैण्ड बाजों के साथ वात्सल्य मूर्ति कवि हृदय आचार्य श्री शशांक सागर जी महाराज ससंघ का गायत्री नगर जैन मन्दिर जी में भव्य मंगल प्रवेशहुआ।

मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त मंत्री एवं मुनि व्यवस्था समिति के संयोजक संजय ठोलिया ने अवगत कराया कि आचार्य श्री का विहार के समय मार्ग में श्रावकों के आवास के सामने आरती व पाद प्रक्षालन किया।

आचार्य श्री के मंदिर जी में पहुंचने पर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरुण शाह के नेर्तत्व में मंत्री राजेश वोहरा, कोषाध्यक्ष राकेश छावड़ा, उपाध्यक्ष विजय सोगानी, संतोष गंगवाल,राकेश पाटोदी ?, पदम झांझरी, बसंत बाकलीवाल आदि पदाधिकारियों ने आरती कर पाद प्रलक्षालन कर, महिला मंडल व मुनि वैय्यावृति महिला समूह के पदाधिकारी व सदस्यों ने मंगल कलश लेकर भव्य अगुवाई की।

आचार्य श्री ने विश्व शांति के लिए शांतिधारा प्रमुख पात्र अशोक विधानसभा वाले व अनिल गदिया बयाना वाले परिवार द्वारा कराई गयी। साथ में सैंकडों महानुभावों ने अभिषेक व शान्तिधारा की।

# कुष्ठ जनों असहाय लोगों के बीच पहुंचे जुनेजा सादगी से मनाया जन्मदिन

- समर्थको ने काटा केक,सिक्ख संगठन महिला विग हुये शामिल रक्तदान का लगाया शिविर



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने शुभचिंतको के साथ सादगी रूप से पंडरी स्थित कुष्ठ बस्ती में असहाय लोगों के बीच पहुंच कर अपना जन्मदिन मनाया! सुबह से ही देवेंन्द्र नगर चौक पर लोगो के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओ ने अपने नेता श्री जुनेजा को जन्मदिन की बधाई देने ताँता लगा रहा. शुभचिंतको ने गर्मजोशी से बाजे गाजे, फूल मलाओ के साथ बधाई देने पहुँचे ! इसी कड़ी में कार्यक्रम की शुरुआत रक्तदान वेन में अपने नेता के सुदीर्घ की कामनाये के साथ रक्तदान किया!

सिक्ख संगठन के महिला विग की अध्यक्ष श्वेता अरोरा, तरण अरोरा रूबी गाँधी ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिया!

इसके पश्चात् प्रति वर्ष की भांति परिवार एवं अपने समर्थको के साथ पंडरी कुष्ठ बस्ती पहुंच कर उनके बीच केक काटा और उन्हें भोजन कराया ! इस दौरान शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने कार्यकर्ताओ के उपस्थिति में उन्हें मिठाई खिला कर बधाई दी!

# श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक एवं विश्वशांति महायज्ञ भव्यता के साथ सम्पन्न



**सानोधा।** सानोधा नगरी में आयोजित श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक एवं विश्वशांति महायज्ञ श्रद्धा, भक्ति एवं धार्मिक उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। आयोजन में देशभर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया तथा पंचकल्याणक के विविध आध्यात्मिक प्रसंगों का लाभ लिया।

यह आयोजन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की पावन परंपरा, आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद तथा पूज्य मुनि श्री विशदसागर जी महाराज एवं मुनि श्री शिवसागर जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान विभिन्न पात्रों का चयन किया गया, जिनमें भगवान के मातापिता पात्र के रूप में डॉ. अभय कुमार जैन एवं श्रीमती अनीता जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। सौधर्मेन्द्र इन्द्र पात्र का दायित्व श्रीमती किरण जैन, श्री सचिन जैन, श्री शैलेश जैन, श्री सौरभ जैन एवं श्रीमती सोनल जैन ने निभाया। वहीं राजा श्रेयांश पात्र का सौभाग्य श्री हुकमचंद जी, श्री जयकुमार जी, श्री सनतकुमार जी, श्री सुनीलकुमार जी एवं श्री सतीशकुमार जी सहित समस्त मोदी परिवार को प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त गजरथ में सारथी बनने का सौभाग्य श्री राजकुमार जैन, नवीन कुमार जैन एवं नमन कुमार जैन (मोदी परिवार) को प्राप्त हुआ तथा शिखर पर ध्वजारोहण का पुण्य अवसर भी परिवारजनों को मिला। आयोजन के समापन अवसर पर समाजजनों ने सभी पात्रों, दानदाताओं एवं सहयोगियों के पुण्य की अनुमोदना करते हुए धर्म प्रभावना के इस भव्य आयोजन की सराहना की।

# कलेक्टर जनदर्शन में हितग्राही का महज 5 मिनट में बना राशन कार्ड



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित कलेक्टर जनदर्शन लोगों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा दम मंगलवार को जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। सिमगा विकासखंड के ग्राम सकरी निवासी फगनी साहू अपनी राशन कार्ड संबंधी समस्या लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा त्वरित पहल करते हुए महज 5 मिनट के भीतर फगनी साहू का राशन कार्ड तैयार कर उन्हें प्रदान कर दिया गया। अपनी समस्या का इतनी शीघ्रता से समाधान होते देख श्रीमती फगनी साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से उनकी लंबे समय से लंबित समस्या का तत्काल समाधान हो गया।

# पुरस्कार वितरण और विद्वत सम्मान के साथ मालवीय रोड जैन मंदिर के 10 दिवसीय संस्कार शिविर का भव्य समापन

- सुबह अभिषेक से लेकर रात्रि की कक्षाओं तक समय और अनुशासन की मिसाल रहा शिविर- मैनेजिंग ट्रस्टी सनत जैन




**रायपुर (विश्व परिवार)।** मालवीय रोड स्थित ऐतिहासिक श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर (लघु तीर्थ) में विगत 10 दिनों से चल रहे %ग्रीष्मकालीन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर% का समापन बुधवार को अत्यंत भव्य, आध्यात्मिक और उत्साहवर्धक माहौल में पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की पावन प्रेरणा और श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर (जयपुर) के सानिध्य में आयोजित इस शिविर के अंतिम दिन सभी संभागियों के चेहरों पर धर्म ज्ञान प्राप्त करने का विशेष संतोष और खुशी नजर आई।समारोह को संबोधित करते हुए बड़ा मंदिर के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री सनत जैन ने कहा कि इस 10 दिवसीय शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि इसका कड़ा अनुशासन रही। सुबह 7 बजे के अभिषेक-शांतिधारा सत्र से लेकर रात्रि की कक्षाओं तक सभी शिविरार्थियों ने समय का विशेष ध्यान रखा। उन्होंने आगे कहा कि बड़ा मंदिर में कई वर्षों से प्रतिवर्ष इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक-आध्यात्मिक संस्कारों के साथ-साथ जैन धर्म की क्रियाओं का सूक्ष्म एवं शुद्ध ज्ञान हर पीढ़ी तक पहुंचाना है। इस अवसर पर श्री सनत जैन ने शिविर में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों, युवाओं, पुरुषों एवं विशेषकर मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया।

शिविर के सफल संचालन के लिए सांगानेर (जयपुर) से आए विषय विशेषज्ञ प्रतिष्ठित विद्वान अभिषेक जैन शास्त्री आयांश, विद्वान शरद जैन शास्त्री एवं रायपुर के विद्वान सौरभ जैन शास्त्री जी का बड़ा मंदिर ट्रस्ट एवं कार्यसमिति द्वारा मंगलाचरण के बीच शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीना सम्मान व बहुमान किया गया। इसके पश्चात विगत दिनों आयोजित हुई परीक्षा के परिणामों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी बच्चों, बालिकाओं, युवाओं और महिलाओं को विशेष पुरस्कार व योग्यता प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

इस समापन सत्र में रायपुर जैन समाज की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में विशेष रूप से टैगोर नगर जैन मंदिर के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव आलोक जैन, शंकर नगर मंदिर से प्रदीप जैन (विश्वपरिवार), जैन समाज के सम्मानीय वरिष्ठ सदस्य श्री देव कुमार जैन, मैनेजिंग ट्रस्टी सनत कुमार जैन, ट्रस्टी प्रभात जैन, ट्रस्टी संजय जैन (प्रेमी परिवार), ट्रस्टी भरत जैन (भोरावत), बड़ा मंदिर कार्यसमिति सदस्य नीरज जैन, श्रद्धेय जैन, दिलीप जैन, सुनील जैन, सुजीत जैन, पूर्व अध्यक्ष संजय जैन (नायक), प्रणीत जैन, विजय जैन, महावीर जैन शामिल हुए। साथ ही मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए महिला मंडल से संध्या जैन, शालिनी जैन, ममता जैन, मोतीरानी जैन, आभा जैन के साथ बहुत बड़ी संख्या में शिविरार्थी बच्चे, महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भिंड पंचकल्याणक में पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज ने दिया गिरनार धर्म यात्रा के लिए आशीर्वाद : विश्व जैन संगठन




**भिंड (विश्व परिवार)।** 22वें जैन तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान के मोक्षकल्याणक के पावन अवसर पर दिल्ली से 25 जून 2026 को आरम्भ होकर 25 दिनों में लगभग 5100 किमी की दूरी तयकर 19 जुलाई को गिरनार जी पहुंचने वाली गिरनार धर्म यात्रा के लिए विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन और भिंड से गुरु सेवा परिवार द्वारा गिरनार जी वंदना के लिए संभावित 22 बसों भिंड में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव के विशाल पंडाल में श्री शंकर जैन पत्रकार, बॉबी जैन और उनकी टीम को मंगल आशीर्वाद दिया। पंचकल्याणक महोत्सव के विशाल पंडाल में विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने भिंड और आसपास के क्षेत्रों से आये हजारों श्रद्धालुओं को गिरनार वंदना करने और गिरनार यात्रा के 2 जुलाई 2026 को भिंड में आने पर सहभागिता करने का निवेदन किया । पंचकल्याणक महोत्सव कमेटी में श्री संजय जैन और संगठन के सम्मानित सदस्य अभिषेक जैन PNB, दिल्ली का सम्मान किया । श्री संजय जैन ने श्री शंकर जैन पत्रकार और अभिषेक जैन के साथ भगवान महावीर की समवशरण स्थल बरासों अतिशय क्षेत्र के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और गिरनार वंदना के लिए समाज को निवेदन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय जेल में 10 दिनों के भीतर तीसरी मौत, सुरक्षा स्वास्थ्य और निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल



**जगदलपुर।** बस्तर जिले का जगदलपुर केंद्रीय जेल एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में है। क्योंकि महज 10 दिनों के भीतर जेल में तीसरी मौत का मामला सामने आया है, जिससे बंदियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के मुताबिक, सुधु कश्यप को अक्टूबर 2025 में बीएनएस की धारा 64(1) के तहत सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी। सजायाफ्ता बंदी सुधु कश्यप को तबीयत बिगडने और रक्तचाप बढने के बाद 6 जून को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान 7 जून को उसकी मौत हो गई। बता दें कि इससे पहले 31 मई को एक विचाराधीन महिला बंदी ने जेल परिसर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं 4 जून को नक्सल प्रकरण में बंद विचाराधीन कैदी रमेश कुंजाम की बाथरूम में गिरने के बाद मौत हो गई थी। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने केंद्रीय जेल की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि इन मौतों के पीछे की परिस्थितियों की जांच किस दिशा में जाती है और जिम्मेदारियों का निर्धारण कैसे किया जाता है।

### जगदलपुर केंद्रीय जेल में 10 दिनों के भीतर तीसरी कैदी की मौत,जेल प्रबंधन की घोर लापरवाही उजागर - सुशील मौर्य



**जगदलपुर।** केंद्रीय जेल में कैदियों की लगातार हो रही मौतों पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त करती है।मात्र 10 दिनों के भीतर तीसरी मौत का सामने आना जेल प्रशासन की आपराधिक लापरवाही और संवेदनहीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सुशील मौर्य ने कहा कि:लगातार मौतें चिंताजनकजगदलपुर केंद्रीय जेल अब 'मौत का केंद्र' बनती जा रही है। 10 दिन में 3 कैदियों की मौत ने जेल की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी हैजेल प्रबंधन जिम्मेदार:प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कैदी या तो फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहे हैं या इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो रही है। दोनों ही स्थितियां जेल प्रबंधन की घोर लापरवाही को दर्शाती हैं। सवाल उठता है कि जेल के अंदर फांसी लगाने के लिए सामग्री कैसे पहुंच रही है? बीमार कैदियों को समय पर समुचित इलाज क्यों नहीं मिल रहा ?जेल में बंद कैदी भी इंसान हैं और उनके जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। लगातार हो रही मौतें मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन है।

कांग्रेस की मांग है कि 10 दिनों में हुई तीनों मौतों की लन्यायिक जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए। दोषी जेल अधिकारियों और कर्मचारियों पर तत्काल आपराधिक मुकदमा दर्ज कर निलंबित किया जाए।मृतक कैदियों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए।जेल में स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त किया जाए।पूरे मामले की रिपोर्ट 7 दिन में सार्वजनिक की जाए।

श्री सुशील मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। जेल तक में लोग सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता का क्या होगा? यदि सरकार ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# खाद-बीज और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने सौंपा ज्ञापन

**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छुरा नगर में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छुरा को ज्ञापन सौंपकर खरीफ सीजन से पहले किसानों के लिए खाद, बीज एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।




ज्ञापन में कहा गया कि खरीफ फसल की तैयारी के महत्वपूर्ण समय में किसानों को खाद, बीज और डीजल समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि शासन तत्काल आवश्यक कदम उठाकर कृषि सामग्री की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

धरना-प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती महंगाई का सीधा असर किसानों और आम जनता पर पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सिलेंडर की लगातार बढ़ती कीमतों से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

ज्ञापन में पेंशनधारियों को नियमित पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने, बिजली दरों में वृद्धि पर रोक लगाने तथा प्रदेश में जारी अवैध रेत खनन पर प्रभावी कार्रवाई करने की भी मांग की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इन समस्याओं के कारण आम नागरिकों और किसानों को लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस प्रतिनिधियों ने राज्यपाल के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन से किसानों और आम जनता के हित में त्वरित निर्णय लेने तथा आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो किसानों और आम लोगों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री चमन साहू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष माहेश्वरी साहब, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा, समद खान, हरीश यादव, सलीम मेमन, मंजू ध्रुव, राजकुमारी, गजेंद्र साहू, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बुढ़ान ठाकुर, नेहरू साहू, गंगाराम ध्रुव, संतन ठाकुर, केशव साहू, अवधेश प्रधान, केवल साहू, देव सिंह नेताम, पंचराम टंडन, केशव चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संसदीय संकुल विकास परियोजना से बदलेंगी बस्तर की तस्वीर, स्थानीय संसाधनों से आत्मनिर्भर बनेगा बस्तर:सांसद महेश कश्यप

### बस्तर के दूरस्थ ग्राम मोहलई में आयोजित हुई ?युवा चेतना कार्यक्रम?

**जगदलपुर :** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप के पहल पर संसदीय संकुल विकास परियोजना के अंतर्गत विकासखंड बकावंड के दूरस्थ ग्राम मोहलई में युवा चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बस्तर के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचाकर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।



सांसद महेश कश्यप ने कहा कि योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी सार्थक है जब वह पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से 29 विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर दी गई, ताकि जागरूकता के अभाव में कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे।

सांसद कश्यप ने बस्तर की समृद्धि का जिक्र करते हुए कहा कि यहाँ के प्राकृतिक संसाधन और वन उपज जैसे इमली, महुआ और टोरा इत्यादि स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने इमली प्रोसेसिंग यूनिट,टोरा तेल घानी और लघु उद्योगों की स्थापना से व्यापक स्तर पर सकारात्मक बदलाव होगा। इन उद्योगों के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं का पलायन रुकेगा।

सांसद कश्यप ने आगे कहा कि छोटे छोटे समूह स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकते हैं। जिससे बस्तर के दूरस्थ गांवों में विकास,जागरूकता और आत्मनिर्भरता का नया संकल्प बनकर उभरेगा द्य

ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आजादी के दशकों बाद पहली बार कोई जनप्रतिनिधि उनके गांव तक पहुँच विभिन्न विभागों की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सोनबारी भद्रे,उपाध्यक्ष तरुण पाण्डे,भाजपा जिला महामंत्री परिसराम बेसरा,मंडल महामंत्री अमरदेव भारती,विषम ठाकुर, फूलल्केश्वर पांडेय,नवरत्न कर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और कृषि, मत्स्य,उद्यानिकी तथा क्रेडा विभाग के अधिकारी,महिला समूह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

# फीट इंडिया मूवमेंट के तहत गरियाबंद में निकली गई सायकल रैली



### जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, खिलाड़ियों एवं स्कूली बच्चों ने लिया भाग

**गरियाबंद।** जिला प्रशासन,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा फीट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत 10 जून 2026 को जिला मुख्यालय गरियाबंद में सायकल रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने सायकल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।सायकल रैली कार्यक्रम में पार्षद मधु देवांगन,रेणुका साहू,प्रकाश सोनी, सुमित पारख,भानू राजपूत तथा अपर कलेक्टर त्रृषा ठाकुर,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करन उइके, डीएसपी गोपाल वैश्य,सुशील मलिक,मंजूलता राठौर,सीएमओ संध्या वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।सायकल रैली में स्कूली बच्चों खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों,नागरिकों तथा अधिकारी- कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सायकल चलाते हुए नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा प्रदूषण मुक्त वातावरण के प्रति नागरिकों को जागरूक किया।

सायकल रैली गांधी मैदान से प्रारंभ होकर शारदा चौक होते हुए गौरवपथ भूतेश्वरनाथ रोड की ओर आगे बढ़ा।लगभग 1 किलोमीटर का सफर तय कर रैली राइजिंग स्टार इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास गौरवपथ रोड के अंतिम बिंदु पर पहुँची। वहाँ से मुड़कर सभी सायकल सवार अनुशासित तरीके से वापस गांधी मैदान लौटे, जहाँ इस आयोजन का समापन किया गया। रैली के दौरान रास्ते में सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिखी राम यादव ने कहा कि सायकल के नियमित उपयोग से स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। यह आयोजन भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट के तहत किया गया है, जिसमें नागरिकों के फिटनेस,स्वास्थ्य जागरूकता एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने उपस्थित स्कूली बच्चों खिलाड़ियों एवं नागरिकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि सायकल चलाना शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। सायकल एक पर्यावरण अनुकूल एवं स्वास्थ्यवर्धक परिवहन का साधन है।इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों,व्यायाम शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।इस दौरान ब्लॉक नोडल संजीव साहू, गिरीश शर्मा,महेन्द्र यादव,नंदकुमार रात्रे, दानवीर साहू,होरी साहू उपस्थित थे।

# भटके दंतैल हाथी ने दंपति को कुचला, गांव में दहशत

**बलरामपुर।** जिले में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। राजपुर वन परिक्षेत्र के कुंदीकला गांव में एक भटके हुए दंतैल हाथी ने पति-पत्नी पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद गांव में दहशत और मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार, दंपति सुबह करीब पांच बजे घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान बांधपारा जंगल के समीप उनका सामना एक दंतैल हाथी से हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाथी ने अचानक हमला कर दोनों को बुरी तरह कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कल्याणपुर क्षेत्र में पांच हाथियों का एक दल विचरण कर रहा है।

**Public Works Department**
**Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur. (C.G.)**

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)

No. 04/Raipur/2026-27 Raipur, Dated. 08.06.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work
जिला रायपुर के सरोना में खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य (कार्य वर्ष 2026-27) हेतु वास्तुविद नियुक्त करने बाबत।
Situated at Raipur
Probable cost of project Rs. 300.00 Lakh.
Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S.N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-01 Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs.3,000-00 |

General Condition:- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 30.06.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.
The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur

जी- 262701285/2

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 48/191382 | S/R, MOW & DEPOSITE WORK AT LOK BHAVAN SECTION UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO-2, RAIPUR (C.G.) | रू.50.00 लाख |
| 49/191383 | S/R, MOW & DEPOSITE WORK AT MEDICAL COLLEGE SECTION UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO-2, RAIPUR (C.G.) | रू.50.00 लाख |
| 74/191853 | PROVIDING AND FIXING 5TH KM STONE, ORDINARY KM STONE, 0.20 KM STONE, BOUNDARY STONE & MEDIAN MAINTENANCE OF VARIOUS ROADS UNDER SURVEY SUB DIVISION RAIPUR | रू.20.00 लाख |
| 75/192620 | मेंटनेंस उपसंभाग अंतर्गत भाठागांव सेक्शन के विभिन्न मार्गो में डिवाईडर पेंटिंग कार्य एवं म्यूरल आर्ट रिपेरिंग एवं पेटिंग का कार्य। | रू.15.00 लाख |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.06.2026 समय सायं 5.30 बजे तक उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मंडल क्रं.1, रायपुर (छ.ग.)

G-262701273/1

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 स्वर्णिम वर्षों पर जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा जगन्नाथ मंदिर में हुआ भव्य धार्मिक आयोजन, यज्ञ एवं 12 पंडितों का सम्मान

■ 12 पंडितों के चरण पखारकर विधायक पुरंदर मिश्रा ने लिया आशीर्वाद, मोदी जी के 12 स्वर्णिम वर्षों पर हुआ भव्य पूजा-आरती-हवन अनुष्ठान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं राष्ट्र निर्माण के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने तथा 4399 दिनों की गौरवशाली यात्रा के अवसर पर रायपुर उत्तर विधानसभा द्वारा गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में विशेष पूजा-आरती-हवन आयोजन का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति एवं समृद्धि के लिए मंगलकामनाएँ कीं।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 12 स्वर्णिम वर्षों के प्रतीक स्वरूप 12 विद्वान पंडितों का सम्मान किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा ने सभी पंडितों के चरण पखारकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा उन्हें शॉल, श्रीफल एवं दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ विशेष यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति, विकास और जनकल्याण की कामना की गई।

इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मविश्वासी और अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को नई गति मिली है तथा देश का मान-सम्मान वैश्विक स्तर पर निरंतर बढ़ा है।

कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, आरती, प्रसाद वितरण एवं दीप प्रज्वलन का आयोजन भी किया गया। धार्मिक वातावरण में उपस्थित श्रद्धालुओं ने राष्ट्र की उन्नति एवं जनकल्याण के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित निगम-मंडल अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, शशांक शर्मा, सुश्री मोना सिंह, डॉ. वर्णिका शर्मा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी, जिला महामंत्री अमित शाह मैसरी, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती कृतिका जैन, मंडल अध्यक्ष राम प्रजापति, दलविंदर सिंह बेदी, संदीप जंघेल, जितेन्द्र गांडेचा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की बहनें, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रामनगर मुक्तिधाम में चलाया गया सफाई अभियान जनशिकायत का त्वरित निदान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 7 स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त जोन 7 अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 24 अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम में गंदगी से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देश पर जोन 7 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव के मार्गनिर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू की उपस्थिति में नगर निगम जोन 7 क्षेत्र अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड क्रमांक 24 अंतर्गत रामनगर मुक्तिधाम में महिला सफाई मित्रों की टीम भेजकर तत्काल झाड़ू लगवाकर कचरा एकत्र कर उसका परिवहन करवाकर रामनगर मुक्तिधाम परिसर में स्वच्छता कायम करते हुए प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।




# रायपुर स्काईवॉक निर्माण में आपराधिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस हुई मुखर

■ लोक निर्माण मंत्री अरुण साव को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर (विश्व परिवार),** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव कनहैया अग्रवाल एवं असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक़ के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर में निर्माणाधीन स्काईवॉक परियोजना में बरती जा रही गंभीर वित्तीय और तकनीकी अनियमितताओं के खिलाफ एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की।

सौपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेता कनहैया अग्रवाल और मो.सिद्धिक ने बताया कि रायपुर में स्काईवॉक का निर्माण पिछले कई वर्षों से अटका हुआ था। अब लगभग 7 से 8 साल पुराने हो चुके जर्जर और कमजोर हो चुके स्ट्रक्चर पर ही बिना किसी गहन तकनीकी जांच के दोबारा टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

अखबारों और स्थानीय मीडिया में आ रही खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह स्काईवॉक अब सिर्फ अनुपयोगी ही नहीं, बल्कि आम जनता के जान-माल के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो रहा है।

विज्ञप्ति में स्काईवॉक के निर्माण में हो रही आपराधिक लापरवाही को उजागर करते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांगकी गई।

# यूनिसेफ के वरिष्ठ पोषण विशेषज्ञों ने एम्स रायपुर स्थित राज्य पोषण उत्कृष्टता केंद्र का किया दौरा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मातृ एवं शिशु पोषण से संबंधित संस्थागत एवं सामुदायिक स्तर की पहलों की समीक्षा के उद्देश्य से यूनिसेफ के वरिष्ठ अधिकारियों एवं पोषण विशेषज्ञों के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 8 एवं 9 जून 2026 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायपुर के शिशु रोग विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य पोषण उत्कृष्टता केंद्र (State Centre of E&cellence for Nutrition - SCoE-Nutrition) तथा महासमुंद जिले का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल में यूनिसेफ के ईस्ट एशिया एंड पैसिफिक रीजनल ऑफिस तथा साउथ एशिया रीजनल ऑफिस, बैंकॉक की वरिष्ठ पोषण सलाहकार सुश्री क्रिस्टियाने रूडर्ट तथा यूनिसेफ इंडिया की चीफ ऑफ न्यूट्रिशन प्रोग्राम सुश्री मैरी-



क्लॉड डेसिलेट्स एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।राज्य पोषण उत्कृष्टता केंद्र द्वारा प्रदान किए जा रहे तकनीकी सहयोग एवं क्षमता निर्माण प्रयासों के सकारात्मक परिणाम छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में देखने को मिले हैं। केंद्र के मार्गदर्शन एवं सहयोग से मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी (MMAC) जिले में बाल पोषण सुधार हेतु किए गए नवाचारों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। जिले को नवाचार आधारित पोषण हस्तक्षेपों के लिए नई दिल्ली स्थित नीति आयोग द्वारा सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, उच्च घनत्व पोषण अनुपूरक (High-Density Supplements) तथा मजबूत सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से बाल कुपोषण में कमी लाने के मॉडल के लिए जिले को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 भी प्रदान किया गया।

# जनता के साथ अन्याय करने वाली भाजपा सरकार को इस्तिफा दे देना चाहिये - विकास उपाध्याय

**रायपुर (विश्व परिवार)।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ पर निराशा व्यक्त करते हुये कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार मध्यप्रदेश में प्रतिबंधित एजेंसी से दवाई खरीदी कर रही है जो लगातार अमानक निकल रही है, यह बहुत ही शर्म की बात है।



उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर करारा प्रहार करते हुये कहा कि साय सरकार के आने के बाद से ही छत्तीसगढ़ में एक्सपायरी दवाओं का खेल शुरू हो गया है। लेकिन बड़ी चिंता का विषय है कि छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक अधिकारियों के रहते इसकी जानकारी तब ज्यादा वायरल हुई जब विगत् माह राजधानी में एक्सपायरी दवाओं का भाण्डाफोड़ हुआ। उपाध्याय ने पूर्व वर्ष 2025 में भी सीजीएमएससी द्वारा सप्लाई की जा रही कैल्शियम की 6500 से 7000 यूनिट दवाईयों के खराब स्थिति में पाये जाने पर सवाल उठाये थे। लेकिन इसकी जाँच पड़ताल गहराई से नहीं किये जाने के कारण आज पूरे छत्तीसगढ़ में एक्सपायरी दवा का व्यापार चलाया जा रहा है। विगत् दिनों ही छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में दुर्गूकोंदल सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में मरीजों को समय सीमा समाप्त (एक्सपायरी) हो चुकी दवाईयों के वितरण की गंभीर लापरवाही की घटना हुई।

# जशपुर में 11 करोड़ की लागत से बन रही हाईटेक नालंदा लाइब्रेरी

■ प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण



**जशपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जशपुर जिले में विद्यार्थियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त नालंदा परिसर का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने 8 जून को निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जशपुर नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित पुराने विस्तार डिपो के पास लगभग 2 एकड़ भूमि पर 11 करोड़ रुपये की लागत से 500 सीटर हाईटेक नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इस अवसर पर रोहित व्यास, अभिषेक कुमार, विश्वास राव मस्के, योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक के टबों में छिपाकर ले जा रहे थे 36 लाख का गांजा, नाबालिग समेत 5 गिरफ्तार

**बालोद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक नाबालिग सहित पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 72.621 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 36.31 लाख रुपये आंकी गई है। तस्करों ने गांजा छिपाने के लिए प्लास्टिक के टबों को खोखला बनाकर उसमें मादक पदार्थ भर रखा था।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ओडिशा से चार मोटरसाइकिलों में सवार छह लोग गांजा लेकर मध्यप्रदेश की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने भेड़ी तिराहा में घेराबंदी कर जांच अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस को देखकर एक युवक बाइक से कूदकर फरार हो गया, जबकि अन्य आरोपियों को पकड़ लिया गया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने बाइक के कैरियर पर रखे काले रंग के प्लास्टिक टबों की जांच की। जांच में पता चला कि ऊपर सामान्य टब रखे गए थे, जबकि नीचे के टबों को काटकर खोखला बनाया गया था। इन्हीं टबों के अंदर गांजा के पैकेट छिपाकर तस्करी की जा रही थी। एक बाइक से 22 पैकेट और दूसरी बाइक से 28 पैकेट गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। पुलिस फरार आरोपी की तलाश के साथ-साथ पूरे तस्करी नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

# अवैध शराब पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 3 महीने में 49 वाहन राजसात

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। लगातार जांच एवं दबिश से आरोपियों से अवैध शराब एवं वाहन जब्त किया जा रहा है। आबकारी विभाग द्वारा माह मार्च से मई 2026 तक 49 वाहनो को राजसात किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा धारा 34(2) के तहत माह मार्च में 1 दो पहिया वाहन अप्रैल में 2 मोटर सायकल, मई में 43 दो पहिया एवं 3 चार पहिया वाहन का राज सात किया गया है। इन वाहनो का जल्द ही नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। पुलिस विभाग द्वारा राजसात किये गये कुल 82 वाहनो की नीलामी माह अप्रैल 2026 में की गई जिससे 11लाख 6 हजार रुपए शासन को प्राप्त हुए। इसमें 74 वाहन आबकारी विभाग की कार्रवाई एवं 8 वाहन पशु क्रूरता कार्रवाई के शामिल हैं।

# मंत्रि-परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्य शासन की शत-प्रतिशत अंशधारित एवं ऊर्जा विभाग अन्तर्गत संचालित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड (CSPTCL) द्वारा राज्य में विद्युत संरचना के विकास हेतु किये जा रहे पूँजीगत कार्यों / निवेश में आमजन की भागीदारी बढ़ाने हेतु कम्पनी के शेयर्स का इनीशियल पब्लिक आफरिंग (IPO) प्रक्रिया के माध्यम से लिस्टिंग करने के प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद द्वारा सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई एवं इस कार्य के लिये हेतु पारेषण कंपनी के संचालक मंडल को समस्त प्रक्रिया पूर्ण करने एवं इस कार्य में जो भी आवश्यक अनुषांगिक कार्य संपादित करने या निर्णय लेने की आवश्यकता हो, उन्हें करने के लिये पूर्णतः अधिकृत की गई। साथ ही उपरोक्त कार्य हेतु निर्देश / निर्णय जारी करने हेतु ऊर्जा विभाग को अधिकृत किया गया। शासन के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनियां जिनका आर्थिक एवं तकनीकी परिचालन अच्छा है एवं निरन्तर लाभ अर्जन की स्थिति में है, उन कंपनियों के शेयर्स को देश के स्टाक एक्सचेंस में लिस्टिंग करके अंशपूंजी का एक हिस्सा सामान्य पब्लिक / निवेशक द्वारा खरीदे जाने पर कम्पनी के विस्तार में जनभागीदारी की वृद्धि होती है तथा कंपनी को भविष्य के पूँजीगत कार्यों के लिए राशि की उपलब्धता में सुगमता होती है साथ ही कंपनी के परिचालन में पारदर्शिता तथा गवर्नेस में सकारात्मक लाभ होता है।

इस विषय पर भारत सरकार, द्वारा छत्तीसगढ़ के विद्युत क्षेत्र में प्रचालनात्मक पारदर्शिता एवं वित्तीय प्रबंधन में सुधार हेतु जारी प्रयासों के आलोक में, राज्य के स्वामित्व वाली विद्युत युटिलिटी के सार्वजनिक सूचीकरण से निष्पादन को बनाये रखने, पूंजी निवेश में तेजी लाने, वितरण और संरचना के आधुनिकीकरण तथा दीर्घकालिक स्थिरता के लिये कार्पोरेट गर्वनेंस को सुदृढ़ करने के अवसर हेतु सार्वजनिक सूचीकरण बाबत् आवश्यक कार्यवाही के निरंतर निर्देश प्राप्त हो रहे थे। इसी कड़ी में पारेषण कंपनी हेतु निर्णय लिया गया।

यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि पूर्व में भारत सरकार के अन्तर्गत संचालित कंपनियां यथा- एनटीपीसी पॉवर ग्रिड, एसजेव्हीएन लिमिटेड, एनएचपीसी लिमिटेड आदि का भारत सरकार द्वारा सफलतापूर्वक शेयर लिस्टिंग किया जा चुका है और ये सभी शासकीय कंपनियां बेहतर प्रदर्शन कर रही है। इसी तारतम्य में राज्य शासन के स्वामित्व वाली पारेषण कंपनी के शेयर्स की लिस्टिंग महत्वपूर्ण कदम है ताकि राज्य शासन की इस कंपनी को लिस्टिंग से जुड़े लाभ यथा पूंजी की उपलब्धता, मार्केट विजिब्लिटी, बेहतर संचालन इत्यादि का लाभ मिल सके।

पारेषण कंपनी के संचालक मंडल द्वारा यह निर्णय लेने के पूर्व पूंजी क्षेत्र की विशेषज्ञ फर्म मेसर्स एस.बी.आई. केपीटल लिमिटेड से फिजिब्लिटी स्टडी कराई गई जिसके निष्कर्ष के अनुसार कंपनी के शेयर्स को आईपीओ के माध्यम से स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध किया जाना संभव, साध्य एवं सफलता योग्य है। हमारी कंपनी के विगत 5 वर्षों के लेखा-जोखा एवं वित्तीय प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। इसके आधार पर भारत की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी India Ratings and Research (Ind&Ra), FitchGroup ने कंपनी के बैंक ऋण और वित्तीय सुविधाओं के लिए लगातार 'IND A/Stable' एवं भारत सरकार की ऊर्जा क्षेत्र की वित्तीय संस्था मेसर्स पावर फाइयनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा विगत 2 वर्षों से A++ रेटिंग दी गई है जो कि उनकी उच्चतम रेटिंग है।

प्रदेश की बढ़ती हुई ऊर्जा आवश्यकताओं एवं उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने की दृष्टि से ट्रांसमिशन कम्पनी को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा नेटवर्क विस्तार के लिए आगामी 4 वर्षों हेतु विभिन्न अति उच्चदाब की सबस्टेशन एवं पारेषण लाइन बनाने इत्यादि में लगभग 15 हजार करोड़ रूपये के निवेश योजना की स्वीकृति दी गई है। आज के निर्णय से पूंजीगत कार्यों हेतु राशि की व्यवस्था करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी एवं बढ़ती हुई ऊर्जा मांग के पूर्ति के दिशा में सभी कार्य को समयबद्ध पूर्ण किया जा सकेगा।

सेन्ट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथारिटी द्वारा प्रकाशित मैनुअल ऑन ट्रांसमिशन प्लानिंग के अनुसार ट्रांसमिशन प्रणाली को (N-1) सेक्योरिटी लेवल स्थापित करना है। अर्थात किसी एक लाइन या ट्रांसफार्मर के बंद हाने से विद्युत प्रदाय बाधित नहीं होना चाहिए। नियामक आयोग द्वारा स्वीकृत योजना में (N-1) सेक्योरिटी लेवल को स्थापित व बढ़ती हुई मांग के साथ भी जारी रखने हेतु आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

आईपीओ (IPO) / Listing के अपने अनेक लाभ है, जैसे कि कम लागत वाली पूंजी (Low-cost Capital) पीएसयू को अपने विस्तार, आधुनिकीकरण या बुनियादी ढांचे (Infrastructure) के विकास के लिए राज्य सरकार के बजट पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। वह सीधे बाजार से कम लागत वाली इक्विटी पूंजी जुटा सकता है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बहुत बड़े निवेश (जैसे रू. 15,000 करोड़ से अधिक का निवेश योजना) की आवश्यकता है। लिस्टिंग के बाद, कंपनी नए शेयर जारी करके दीर्घकालिक फंड जुटा सकती है। लिस्टिंग से कंपनी की वास्तविक बाजार कीमत (Market Cap) का पता चलता है। इससे राज्य सरकार को अपनी छिपी हुई संपत्ति (Hidden Assets) के सटीक मूल्य का अंदाजा होता है। सेबी (SEBI) (सिक्योरिटी एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया) और स्टॉक एक्सचेंजों के कड़े नियमों के कारण कंपनी में स्वतंत्र निदेशकों (Independent Directors) की नियुक्ति होती है। इससे पारदर्शिता बढ़ती है और वित्तीय प्रबंधन मजबूत होता है। विशेष रूप से पावर ट्रांसमिशन, इंफ्रास्ट्रक्चर या यूटिलिटी क्षेत्र के राज्य पीएसयू में जोखिम कम होता है। इस वजह से बड़े विदेशी और घरेलू संस्थागत निवेशक (FIIs/DIIs) इनमें दीर्घकालिक निवेश करने के लिए आकर्षित होते हैं।

आईपीओ (IPO)/Listing से निवेशकों के प्रति कंपनी के दायित्व बढ़ जाते है। लिस्टिंग के बाद कंपनी को तिमाही वित्तीय परिणाम घोषित करने होते हैं और सेबी के LODR (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एण्ड डिसक्लोजर रिक्वायरमेंट) नियमों का कड़ाई से पालन करना होता है।

उक्त सभी बिन्दुओं पर विचार-विमर्श उपरांत मंत्रि-परिषद् द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमिटेड (CSPTCL) को इनीशियल पब्लिक आफरिंग (IPO) प्रक्रिया के माध्यम से अपने शेयर्स को स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने हेतु अनुमति प्रदान की गई है। यहां स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है कि पारेषण कंपनी पर राज्य शासन का नियंत्रण पूर्ववत् बना रहेगा। राज्य के हितों को सर्वोपरि रखा जायेगा एवं कर्मचारी / अधिकारियों के कार्यप्रणाली में कोई अंतर नहीं आयेगा। जबकि अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के तर्ज पर पारेषण कपंनी और बेहतर प्रदर्शन करेगी।

समग्र लाभों को ध्यान में रखते हुए, आईपीओ की संरचना को नए इक्विटी शेयरों (लगभग 5%) के निर्गमन और राज्य सरकार की मौजूदा शेयरधारिता (5%) की विनिवेश के प्रस्ताव के संयोजन के रूप में अनुशंसित किया जा सकता है, ताकि प्रमोटरों की हिस्सेदारी के न्यूनतम 10% विचलन (डायलूशन) की लिस्टिंग आवश्यकता को पूरा किया जा सके।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026

## गांजा तस्करी मामले में नगर सैनिक गिरफ्तार

**धमतरी ( विश्व परिवार )।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अप्रैल माह में दर्ज गांजा तस्करी के एक मामले की जांच के दौरान एक नगर सैनिक की संलिप्तता सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार थाना मगरलोड में 14 अप्रैल 2026 को अपराध क्रमांक 63/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) और 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था।



सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ आकार 2026

# मिट्टी और अपनी संस्कृति से जुड़कर ही समृद्ध होगा हमारा जीवनः सांसद बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संस्कृति एवं राजभाषा संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा मुक्ताकाशी मंच, महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में आयोजित पारंपरिक शिल्प एवं कला प्रशिक्षण शिविर आकार 2026 का मंगलवार को भव्य समापन हुआ।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया और शिविर के उत्कृष्ट प्रशिक्षकों (कला गुरुओं) को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए कहा, मुझे इस बात की बेहद खुशी है कि साल 2004 में संस्कृति मंत्री के रूप में मैंने इस आकार शिविर की शुरुआत की थी। आज इतने वर्षों बाद भी यह आयोजन उसी निरंतरता और भव्यता के साथ हमारी पारंपरिक कलाओं को सहेज रहा है। 2004 में जो लोग इस मुहिम से जुड़े थे, वे आज भी पूरी निष्ठा के साथ छत्तीसगढ़ की कला को जीवित रखने में अपना योगदान दे रहे हैं।

श्री अग्रवाल ने शिविर के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि कला की कोई उम्र नहीं होती। इस शिविर में 75 साल के बुजुर्ग से लेकर छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। बोनसाई प्रशिक्षण लेने वाले एक बुजुर्ग का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा छोटा और विनम्र बनकर रहने की कला हमें प्रकृति और बोनसाई जैसे शिल्पों से सीखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि आज जब कंक्रीट और टाइल्स के दौर में बच्चे मिट्टी से दूर हो गए हैं, ऐसे समय में आकार शिविर बच्चों को अपनी मिट्टी से जोड़ने का एक सराहनीय जरिया बना है। जब बच्चे मिट्टी से खेलना और सृजन करना सीखेंगे, तभी उनके जीवन में वास्तविक आनंद आएगा।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर जोर देते हुए कहा कि हमारा पंथी नृत्य दुनिया के सबसे तेज नृत्यों में से एक है।

### क्रिएटिविटी से शांत होता है बच्चों का मन

श्री अग्रवाल ने पालकों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि आजकल बच्चे मानसिक रूप से थोड़े अशांत रहते हैं। उनके भीतर की रचनात्मकता और सृजनशीलता (क्रिएटिविटी) को उभारना बेहद जरूरी है। जब बच्चे कुछ नया गढ़ना शुरू करते हैं, तो उनका दिमाग और मन शांत होता है, जिससे वे पढ़ाई और जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से आग्रह किया कि यहाँ सीखी गई कला को भूलें नहीं, बल्कि सालभर इसका अभ्यास करते रहें। इस अवसर पर फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन, संस्कृति विभाग के संचालक श्री संजय कन्नौजे, आकार के प्रभारी श्री दुर्योधन महानंद, संस्कृति प्रेमी श्री प्रताप पारख सहित बड़ी संख्या में कला गुरु, प्रशिक्षु, गणमान्य नागरिक और कला प्रेमी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल का चुनाव संपन्न




- विवेक सारस्वत बने प्रदेश अध्यक्ष, गोपाल कृष्ण तावनिया महासचिव निर्वाचित





**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल का राज्य स्तरीय अधिवेशन एवं वार्षिक आम सभा दुर्ग में सफलतापूर्वक संपन्न हुई । कार्यक्रम में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, धमतरी, महासमुंद, जगदलपुर, अंबिकापुर, कोरबा, रायगढ़ और जांजगीर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए), कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (सीएमए) एवं कर सलाहकारों ने भाग लिया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में सतीश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता मूलचंद जैन ने की, जबकि तकनीकी सत्र की अध्यक्षता राजेश्वर राव ने की।

तकनीकी सत्र में जीएसटी से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की गई । अधिवक्ता संजय शर्मा ने जीएसटी अधिनियम-2017 के प्रावधानों, निरीक्षण, तलाशी और जब्ती से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी पहलुओं की जानकारी प्रतिभागियों को दी। अधिवेशन के बाद छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल के वर्ष 2026-28 के लिए चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव अधिकारी मूलचंद जैन, सुरेश लाल, अशोक अग्रवाल एवं लड्ढा ने किया । चुनाव परिणामों के अनुसार रायगढ़ के अधिवक्ता विवेक सारस्वत प्रदेश अध्यक्ष तथा रायपुर के अधिवक्ता गोपाल कृष्ण तावनिया प्रदेश महासचिव निर्वाचित हुए । अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में कमल किशोर साहू, राजेश दीवान और महेंद्र पंसारी उपाध्यक्ष, दुर्गा शंकर साहू कोषाध्यक्ष, सतीश अग्रवाल एवं सत्य प्रकाश मिश्रा सहसचिव, भरत अम्बवानी प्रचार सचिव तथा सीए अरविंद चंद सुराना अंकेक्षक निर्वाचित हुए।

# गोंदिया-रक्सौल-गोंदिया समर स्पेशल ट्रेन के कुछ स्टेशनों के समय-सारिणी में आंशिक संशोधन

- हटिया एवं मूरी स्टेशनों में अतिरिक्त ठहराव की सुविधा।



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 08867/08868 गोंदिया-रक्सौल-गोंदिया समर स्पेशल ट्रेन के कुछ स्टेशनों के समय-सारणी में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन झारसुगुड़ा एवं रांची स्टेशनों के आगमन एवं प्रस्थान समय में किया गया है। इसके अलावा दोनों दिशाओं में इस गाड़ी का अतिरिक्त ठहराव की सुविधा हटिया एवं मूरी स्टेशनों में दिया जा रहा है। झारसुगुड़ा एवं रांची स्टेशनों के आगमन एवं प्रस्थान समय में आंशिक संशोधन - आंशिक संशोधन के तहत दिनांक 14 जून 2026 से रक्सौल से चलने वाली ट्रेन संख्या 08868 रक्सौलङ्कगोंदिया समर स्पेशल झारसुगुड़ा स्टेशन 22ः03 बजे पहुंचेगी तथा 22ः05 बजे प्रस्थान करेगी। आंशिक संशोधन के तहत दिनांक 13 जून 2026 से गोंदिया से चलने वाली ट्रेन संख्या 08867 गोंदियाङ्करक्सौल समर स्पेशल रांची स्टेशन 21.10 बजे पहुंचेगी तथा 21.20 बजे प्रस्थान करेगी।

आंशिक संशोधन के तहत दिनांक 14 जून 2026 से रक्सौल से चलने वाली ट्रेन संख्या 08868 रक्सौल-गोंदिया समर स्पेशल रांची स्टेशन 15.30 बजे पहुंचेगी तथा 15.40 बजे प्रस्थान करेगी।

**हटिया एवं मूरी स्टेशनों में अतिरिक्त ठहराव एवं समय-सारिणी**

दिनाँक 13 जून 2026 से गोंदिया से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08867 गोंदियाङ्करक्सौल समर स्पेशल, हटिया एवं मूरी स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी हटिया स्टेशन 20.45 बजे पहुंचेगी एवं 20.50 बजे रवाना होगी 7 इसी प्रकार मूरी स्टेशन 22.35 बजे पहुंचेगी एवं 22.37 बजे रवाना होगी। दिनाँक 14 जून 2026 से रक्सौल से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08868 रक्सौल-गोंदिया समर स्पेशल, मूरी एवं हटिया स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी।

# फसल विविधीकरण के नाम पर किसानों को भ्रमित करना बंद करे सरकारः धनेंद्र साहू



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राज्य सरकार द्वारा यह घोषणा की गई है कि जो किसान खरीफ सीजन में धान की खेती के बदले में अतिरिक्त अन्य फसलों जैसे दलहन तिलहन आदि की खेती जो किसान करेंगे, उन्हें 15 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह घोषणा व्यवहारिकता से परे है और छत्तीसगढ़ की कृषि व्यवस्था एवं भौगोलिक परिस्थितियों की वास्तविकता को नजरअंदाज करती है।

श्री साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अधिकांश खेतों की संरचना ऐसी है कि एक खेत से दूसरे खेत तक पानी का प्रवाह होता है। यहां खेतों की सिंचाई अलग-अलग नहीं, बल्कि मेड से मेड और खेत से खेत के आधार पर होती है। सीधा खेतों में पानी नहीं जाता बल्कि एक खेत भर जाता है ,तब दूसरे खेत में पानी जाता है/भरता है । खेतों में पानी का भराव अधिक रहने के कारण यह भूमि मुख्य रूप से धान और कुछ हद तक गन्ने जैसी फसलों के लिए ही उपयुक्त है। ऐसी स्थिति में अधिकांश किसानों के लिए खरीफ मौसम में धान के अलावा अन्य फसलों की खेती करना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण के नाम पर पूर्व में भी कई प्रयास किए गए हैं। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने भी ऐसे प्रयास किए थे। कांग्रेस सरकार के दौरान भी गैर-धान फसलों की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि देने की योजना बनाई गई थी। अब वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार ने 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा दिया है, लेकिन आज तक यह योजना किसानों के बीच व्यापक रूप से सफल नहीं हो सकी क्योंकि यह प्रदेश की कृषि परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है।

# युवाओं को कौशल विकास और स्वरोजगार से पहली प्राथमिकताः गणेश शंकर मिश्रा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री गणेश शंकर मिश्रा ने कहा है कि राज्य के सामने वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में ग्रामीण युवाओं की बेरोजगारी, मोबाइल एडिक्शन, ड्रग्स की बढ़ती लत, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और बढ़ती आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल रोजगार सृजन और कौशल विकास के माध्यम से ही संभव है।

छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग नवा रायपुर में में आयोजित एसएसएम पीआईयू एवं एम एंड ई यूनिट्स के इंडक्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि आज गांवों में बड़ी संख्या में ऐसे युवा हैं जो खेती-किसानी से जुड़ना नहीं चाहते, लेकिन उनके पास रोजगार के पर्याप्त अवसर भी नहीं हैं।

# चार आईएफएस अधिकारियों को दी गई नई जिम्मेदारी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में वरिष्ठ स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल करते हुए चार भारतीय वन सेवा अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश के अनुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान एवं मूल्यांकन) कौशलेन्द्र कुमार को उनके वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

ओपी यादव को प्रभारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव प्रबंधन एवं जैव विविधता संरक्षण) तथा सह-मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के पद पर पदस्थ किया गया है। वर्ष 2001 बैच की वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी शालिनी रैना को मुख्य कार्यपालन अधिकारी (कैम्पा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# मोदी के 12 साल झूठ की बुनियाद पर टिके रहेः बैज



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मोदी के 12 साल झूठ की बुनियाद पर टिके रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी ने 12 सालों के कार्यकाल में 1 भी वादे को पूरा नहीं किया। मोदी ने 12 सालों के कार्यकाल में अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी और भाजपा देश की जनता से वादा किया था कि 100 दिन में महंगाई कम करेंगे। विदेश से काला धन लाया जायेगा, हर के खाते में 15 लाख आयेंगे। 35 रू. लीटर में डीजल, पेट्रोल देंगे। हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देंगे। किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करेंगे। 2022 तक हर घर में नल। स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करेंगे, कृषि उपजों का समर्थन मूल्य लागत का डेढ़ गुना किया जायेगा। 100 स्मार्ट सिटी बनाया जायेगा। सभी सांसद एक गांव को गोद लेकर उसको आधुनिक बनायेंगे। 2022 तक देश के हर आवासहीन का अपना मकान होगा। 5 ट्रिलियन की इकोनॉमी होगी। रुपया मजबूत होगा। मोदी जी को सरकार चलाते 12 साल पूरे हो गये लेकिन मोदी जी ने अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। मोदी के दोनों कार्यकाल कोरी बयानबाजी और लक्षेदार भाषणों में निपट गया। अब भाजपा नेता मोदी के वादों पर बात करने से कतराते है।

### शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा

# एके डांस एकेडमी द्वारा भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभाओं ने बिखेरा जलवा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टरङ्क1 स्थित ए.के. डांस एकेडमी द्वारा भव्य डांस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता के ग्रुप-1 में प्रथम पुरस्कार प्रथम साहू, द्वितीय पुरस्कार आद्या रोहित शर्मा एवं तृतीय पुरस्कार पारुल महंत ने प्राप्त किया। वहीं ग्रुप-2 में प्रथम स्थान शैली महंत, द्वितीय स्थान अनन्या चौधरी और तृतीय स्थान रानू प्रधान ने हासिल किया। ग्रुप-3 विशेष प्रस्तुति में शिवांगी वर्मा, बीना कौशिक, ममता तिवारी, हेमलता, प्रतिभा पाल, गायत्री नाविक, कृष्णा कुर्रे, स्वाति शुक्ला एवं सुमन तंबोली ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन -सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला और मेहनत से शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में नम्रता शर्मा एवं ऋषभ शर्मा मौजूद रहे, जिन्होंने निष्पक्ष तरीके से प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता की तैयारी में कोरियोग्राफर अरविंद यादव एवं सृष्टि सोनकर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एंकर तामेश वर्मा ने प्रभावशाली अंदाज में किया, जिससे पूरा आयोजन आकर्षक और जीवंत बना रहा। ए.के. डांस एकेडमी की संचालिका डॉ. प्रियंका पाल ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों, निर्णायकों, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को मंच देने का बेहतर माध्यम हैं।

**आयोजन** भारत मंडपम में आयोजित बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# मोदी सरकार के 12 वर्ष आदिवासी उत्थान और नक्सलमुक्ति का स्वर्णकालः मुख्यमंत्री साय



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि पिछले 12 वर्ष देश के जनजातीय समाज के सम्मान, सशक्तिकरण और विकास के लिए स्वर्णकाल साबित हुए हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रभावी रणनीति के कारण छत्तीसगढ़ को दशकों पुरानी नक्सल समस्या से निर्णायक मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि नक्सल हिंसा से सबसे अधिक प्रभावित जनजातीय समुदाय अब शांति, सुरक्षा और विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। बस्तर में 'नियद नेल्ला नार' और 'बस्तर मुन्ने' जैसे अभियानों के माध्यम से योजनाओं का सैचुरेशन मोड में क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा सुरक्षा शिविरों को 'सेवा डेरा' के रूप में विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनजातीय समाज को नई पहचान और सम्मान दिया है। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हो या धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, इन पहलों ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि देश को पहली जनजातीय महिला राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का नेतृत्व करोड़ों आदिवासियों के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है।

श्री साय ने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों के दूरस्थ इलाकों तक पहली बार बिजली, सड़क, पेयजल और आवास जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। वहीं बस्तर में सड़क, रेल और सार्वजनिक परिवहन के विस्तार से कनेक्टिविटी की वर्षों पुरानी चुनौतियां दूर हो रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। नवा रायपुर में ट्राइबल म्यूजियम तथा शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय संग्रहालय का निर्माण कराया गया है। बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों ने दुनिया के सामने बदलते, मुस्कुराते और हिंसा-मुक्त बस्तर की नई तस्वीर प्रस्तुत की है।

उन्होंने कहा कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, लघु वनोपज की रिकॉर्ड खरीदी, किसानों को धान, दलहन और तिलहन का बेहतर मूल्य तथा कृषक उन्नति योजना जैसी पहलें ग्रामीण और जनजातीय अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के माध्यम से राज्य के 2 करोड़ 45 लाख जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354